दैनिक
नव प्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ❖❖ 2 | अभिव्यक्ति 3 | राजधानी 6 | आंचलिक 7 | छत्तीसगढ़

RNI NO.CHHHIN/2015/62431 बिलासपुर, गुरुवार 23 मार्च 2023, कृष्ण पक्ष द्वितीया, विक्रम संवत-2080 वर्ष-8 अंक-330 पृष्ठ-08 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित www.navpradesh.com

दलों की नूराकुश्ती के सियासी दावपेंच में फंसा आदिवासी आरक्षण

सितम्बर 22 के बाद से राज्य में आरक्षण शून्य

7 लाख से अधिक को नतीजों का इन्तजार

यशवंत धोटे

रायपुर/नवप्रदेश। राज्य में आरक्षण को लेकर सियासी दलों के बीच नूराकुश्ती जारी हैं। दोनों ही दलों के स्वनामधन्य नेता और कार्यकर्ता यह जानते है कि फिलहाल इस पर कुछ नही हो सकता सिवाय एक दूसरे पर आरोप लगाने के। लेकिन चुनाव सामने है तो यह करते दिखना भी जरूरी हैं कि हम कुछ कर रहे है। दलों की इस नूराकुश्ती से सियासी दांवपेंच में फंसे आरक्षण से सफर कर रहे है लगभग वे सात लाख से ज्यादा लोग जो विभिन्न विभागों में सरकारी नौकरी के लिए लोक सेवा आयोग, व्यापमं अन्य प्रतियोगी परीक्षाए देकर नतीजों का इन्तजार कर रहे हैं। इनमें से कई लोगों की आयु सीमा पार होती जा रही है। 19 सितंबर 2022 को आए छत्तीसगढ़ हाइकोर्ट के एक फैसले के बाद से राज्य में आरक्षण की स्थिति शून्य हैं। इससे जुड़े कामकाज ठप्प पड़े हैं। इस खबर पर आगे बढ़ने से पहले राज्य की सामाजिक स्थिति व आरक्षण को समझने की जरूरत है। लगभग पौने तीन करोड़ की आबादी वाले इस नवप्रदेश छत्तीसगढ़ में 32 फीसदी आदिवासी,12 फीसदी अनुसूचित जाति,52 फीसदी अन्य पिछड़ा वर्ग और 4 फीसदी सवर्ण आबादी है। वर्ष 2012 से पहले राज्य की 32 फीसदी आदिवासी आबादी को 20 फीसदी और 12 फीसदी अनुसूचित जाति आबादी को 16 फीसदी आरक्षण मिल रहा था। और 52 फीसदी अन्य पिछड़ा वर्ग की आबादी को 14 फीसदी मिलाकर 50 फीसदी हो रहा था जो सुप्रीम कोर्ट की तय सीमा में था। अब आरक्षण के मामले में केन्द्र के देशव्यापी फार्मूले को समझा जाय। आबादी के अनुपात से केन्द्र ने अनुसूचित जाति के लिए 15 फीसदी, अनुसूचित जनजाति के लिए साढ़े सात फीसदी और ओबीसी के लिए 27 फीसदी की सीमा तय की जो 50 फीसदी के अन्दर होती है। आबादी के अनुपात में राज्य की पूर्ववर्ती भाजपा सरकार ने 2012 में अनुसूचित जनजाति के लिए 32,अनुसूचित जाति के लिए 12 फीसदी और अन्य पिछड़ा वर्ग को 14 फीसदी मिलाकर आरक्षण 58 फीसदी कर दिया। सरकार के इस फैसले के खिलाफ गुरू घासीदास साहित्य अकादमी नामक एक सामाजिक संगठन ने हाइकोर्ट में याचिका दाखिल कर सुप्रीम कोर्ट के दिशा निर्देशों का हवाला देते हुए अनुसूचित जाति के लिए 16 फीसदी और कुल आरक्षण की तय सीमा 50 फीसदी यथावत रखने की मांग की । लगभग 10 साल तक चले इस मुकदमे का फैसला इस सामाजिक संगठन के पक्ष में आया और आदिवासियों का आरक्षण 32 फीसदी से कम होकर 20 फीसदी और अनुचित जाति का आरक्षण 12 से बढ़कर 16 फीसदी हो गया । हाइकोर्ट के इस फैसले के बाद से राज्य सरकार आदिवासियों का आरक्षण बचाने में लगी हुई है। विधानसभा में विधेयक लाकर 76 फीसदी आरक्षण पास कराया। विधेयक राज्यपाल को भेजा लेकिन राज्यपाल ने इस दलील के साथ हस्ताक्षर नही किए कि मैने तो आदिवासी आरक्षण को बढाने के लिए बिल लाने कहा था? राजभवन और सरकार के बीच वाकयुद्ध चला राज्यपाल का तबादला हो गया लेकिन नतीजा सिफर रहा। अब नए राज्यपाल से राज्य के आदिवासी विधायक मिले लेकिन उन्हे कुछ उम्मीद नही दिख रही है लेकिन दावा ये है कि सड़क की लड़ाई जारी रहेगी। अब उम्मीदे सुप्रीम कोर्ट से है। यदि अब 2012 के पहले की स्थिति में आरक्षण लागू हुआ तो कुछ इस तरह से होगा। 4 फीसदी सवर्ण आबादी को 10 फीसदी,52 फीसदी ओबीसी को 14 फीसदी (इसमें से 10 फीसदी ओबीसी आबादी क्रीमीलेयर में आती जो आरक्षण की पात्र नहीं है) 32 फीसदी आदिवासी आबादी को 20 फीसदी तथा 12 फीसदी अनुसूचित जाति की आबादी को 16 फीसदी मिलाकर कुल 60 फीसदी आरक्षण मिलेगा। सवर्ण आबादी का 10 फीसदी आरक्षण बिल संसद के दोनो सदनों से पास होकर कानून बना है। उसे भी सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी गई थी लेकिन इस आरक्षण के खिलाफ दाखिल की गई सारी याचिकाए निरस्त करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने इस आरक्षण को सही माना और आबादी के अनुपात में लागू हो गया।

19.09.2022 के पश्चात लंबित परीक्षाएं परिणाम

क्र.	पद का नाम	विभाग का नाम	पद	आवेदन पत्रों की संख्या	परीक्षा दिनांक	रिमार्क
01	छ.ग. वन सेवा (संयुक्त) परीक्षा 2020	वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग	85	19908	05.12.2021	साक्षात्कार हेतु लंबित
02	राज्य सेवा परीक्षा 2021	शासन के विभिन्न विभाग	171	129206	13.02.2022	साक्षात्कार पश्चात लंबित है
03	राज्य अभियांत्रिकी सेवा परीक्षा 2021	शासन के विभिन्न विभाग	85	19908	28.08.2022	लिखित परीक्षा पश्चात परिणाम
04	फिजियोथेरेपिस्ट शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय	चिकित्सा शिक्षा विभाग	15	505	15.09.2022	लंबित
05	आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी	चिकित्सा शिक्षा (आयुष) विभाग	132	2415	15.09.2022	
06	भृत्य	सामान्य प्रशासन विभाग	80	419433	25.09.2022	प्रारंभिक परीक्षा का परिणाम
07	भृत्य	छ.ग. लोक सेवा आयोग	11			लंबित है
08	वैज्ञानिक अधिकारी (जीव / भौतिक/रसायन)	गृह पुलिस विभाग	23	939	16.10.2022	लिखित परीक्षा पश्चात परिणाम
09	कैजुल्टी मेडिकल ऑफिसर	चिकित्सा शिक्षा विभाग	21	558	16.10.2022	लंबित है
10	राज्य सेवा (प्रारंभिक) परीक्षा 2022	शासन के विभिन्न विभाग	210	182717	12.02.2023	प्रारंभिक परीक्षा का परिणाम लंबित है

तब भाजपा की सरकार थी

छत्तीसगढ़ में 2012 में जब आरक्षण 58 फीसदी किया गया तब भाजपा की सरकार थी। 2014 से अब तक में केन्द्र में भाजपा की पूर्ण बहुमत की शक्तिशाली सरकार है। संसद के दोनों सदनों में आरक्षण के इस बिल को पास कराकर 9वीं अनुसूची में डाला जा सकता है लेकिन इसके लिए राजनीतिक इच्छाशक्ति की जरूरत है। राज्य की 90 में से 29 विधानसभा सीटें आदिवासियों के लिए आरक्षित है जिसमें से 27 पर कांग्रेस और दो पर भाजपा के विधायक हैं, चार आदिवासी मंत्री हैं। सियासी नफा-नुकसान देख रहे सियासी दलों के लिए यह सियासत हो सकती हैं लेकिन इससे प्रभावित लोगों के लिए यह जीवन मरन का प्रश्न है।

तमिलनाडु में 1980 से 69 फीसदी आरक्षण

तमिलनाडु राज्य ने अपने यहा दिए जाने वाले 69 फीसदी आरक्षण को ऐसा संवैधानिक अमलीजामा पहनाया कि उसे सुप्रीम कोर्ट में भी चुनौती नहीं दी जा सकती। दरअसल तमिलनाडु में 1980 से 69 फीसदी आरक्षण है। वहा ओबीसी को 50 फीसदी, अनुसूचित जाति को 18 फीसदी और अनुसूचित जन जाति को मात्र 1 फीसदी आरक्षण हैं। लेकिन 13 अगस्त 1990 को मंडल आयोग की सिफारिशें लागू होने के बाद जब देशव्यापी तांडव चल रहा था। तब 1992 में सुप्रीम कोर्ट ने आरक्षण की सीमा ही 50 फीसदी तय कर दी थी । इससे तमिलनाडु की पूर्व मुख्यमंत्री स्व. जयललिता को राजनीतिक नुकसान हो रहा था। 1993 में बनी नरसिंहराव की सरकार को जयललिता ने समर्थन ही इस शर्त पर दिया था कि तमिलनाडु का आरक्षण बरकरार रहे। तब 1994 में संसद के दोनों सदनों में इसे पास कराकर संविधान की 9वीं अनुसूची में डाला गया । जिसे सुप्रीम कोर्ट में चुनौती नहीं दी जा सकती। तमिलनाडु देश का इकलौता राज्य है जहां सुप्रीम कोर्ट की तय सीमा से अधिक आरक्षण है।

//-- सुविचार --//

समय बहाकर ले जाता है नाम और निशां कोई 'हम' में रह जाता है तो कोई 'अहम' में।

आज बेबाक

एक राज्य में भूतपूर्व विधायकों की पेंशन में एकमुश्त 22000 रूपए मासिक की वृद्धि कर दी गई। सत्तापक्ष और विपक्ष के माननीय भले ही सड़ी सड़ी बातों पर एक दूसरे से लड़ते भिड़ते हों लेकिन अपना वेतन और पेंशन बढ़ाने का प्रस्ताव आता है तो ये जानी दुश्मन जिगरी दोस्त बन जाते है। माननीयों को पता है कि एक दिन उन्हे भी भूतपूर्व होना है इसलिए पूर्व विधायकों की पेंशन बढ़ाने के मामले में अभूतपूर्व एकता दिखाते है। गुजरात एकमात्र ऐसा राज्य है जहां पूर्व विधायकों को पेंशन नहीं मिलती। काश गुजरात माडल पूरे देश में लागू होता?

तेन्दूपत्ता को लेकर सदन में भिड़े रमन-भूपेश

- **लखमा ने कहा आदिवासी को वनवासी ना कहें**
- **धर्मजीत ने कहा बजट में मुख्यमंत्री ने खुद भी लिखा है वनवासी**

रायपुर/नवप्रदेश। आज सदन में अभूतपूर्व दृश्य देखने में आया जब पूर्व मुख्य मंत्री व वर्तमान मुख्य मंत्री आमने सामने आ गए। तेंदूपत्ता में वनवासियों की आय में पहले की तुलना में कमी का मामला पूर्व मुख्य मंत्री डॉ.रमनसिंह ने शून्य काल में उठाते हुए मुख्य मंत्री भूपेश बघेल से पूछा कि आपने दर बढ़ाया उसके बावजूद आय में कमी हो रही है, इसका कारण क्या है ? आपने चरण पादुका योजना बंद क्यों की ? तोड़ाई के समय में कमी क्यों की ? रमनसिंह ने कहा हमने इस मुद्दे पर स्थगन दिया है ग्राह्य कर चर्चा कराई जाए। सभापति धनेंद्र साहू ने दोनों पकक्षों को सुनने के बाद स्थगन को अग्राह्य करने की घोषणा के साथ ही विपक्ष के सदस्य हल्ला गुल्ला करने लगे। सभापति ने 5 मिनट के लिए सदन की कार्यवाही स्थगित कर दी।

डॉ.रमन सिंह ने कहा कि हमारी सरकार के दौर में तेंदूपत्ता 350 रु.से बढा कर 2500 किया गया। वनवासियों के पैरों में कांटे ना चुभे इस लिए हमने चरण पादुका योजना बनाई, आपने बंद कर दी। आप कह रहे हैं कि आपने 4000 रु. मानक बोरा खरीदी की है। हमारे समय प्रोत्साहन राशि जोड़ कर 8000 रु तक भुगतान वनवासी को प्राप्त होता था। अब हाल ये हैं कि यह आय घट कर मात्र 6800 रु. हो गई है। ये क्यों व कैसे हुआ ? हमारे समय 20 से 30 दिन पत्ता तोड़ाई होती थी। आपने उसे 2-4 दिन कर दिया है। हम जो प्रोत्साहन पारिश्रमिक देते थे , वह बंद हो गया है। मंत्री कवासी लखमा ने बीच बीच में व्यवधान करते हुए अपनी बात कहना शुरू किया, उन्होंने कहा कि आदिवासियों को वनवासी ना कहा जाए यह आदिवासियों का अपमान है,हम आज सब जगह रहते हैं, सिर्फ वनवासी नहीं हैं। धर्मजीत सिंह ने इस पर कहा कि बजट में मुख्य मंत्री ने भी वनवासी लिखा है। आप उनसे पूछने की हिम्मत दिखाओ ना। अजय चंद्राकर ने पूछा कि वनवासियों की आय में कमी क्यों हुई ? पैसा कहां जा रहा है ? कारण क्या है ? लखमा ने कहा कि आदिवासियों का बीमा होता था, केंद्र सरकार ने बंद क्यों किया ? विपक्षी भाजपा सदस्यों ने लखमा द्वारा बार बार शून्य काल में खड़े होकर बाधा पहुंचाने की बात उठाते हुए कहा कि संसदीय कार्य मंत्री देखें। हल्ला गुल्ला होने पर मुख्यमंत्री ने हस्तक्षेप करते हुए कहा कि रमन सिंह 15 साल मुख्य मंत्री रहे हैं। यह तो जानते ही होगें की शून्यकाल में भाषण नहीं करते आप खुद भाषण कर रहे हैं। रमन सिंह ने कहा कि हम प्रोत्साहन राशि 749 करोड़ देते थे आप सिर्फ110 करोड़ दे रहे हैं। ये आदिवासी विरोधी सरकार है। दोनों पक्षों की बात सुनने के बाद सभापति धनेंद्र साहू ने सदन में घोषणा कर दी कि स्थगन की सूचना उन्होंने विचार कर अग्राह्य कर दी है। विपक्षी सदस्य इस पर पर हल्ला गुल्ला व नारेबाजी करने लगे। सभापति ने 5 मिनट सदन की कार्यवाही स्थगित करने के साथ ही मुद्दा समाप्त उठा। स्थगन शिवरतन शर्मा,सौरभ सिंह,अजय चंद्राकर, के.के.बांधी,धरमलाल कौशिक ,बृजमोहन अग्रवाल,रजनीश सिंह ने भी हिस्सा लिया।

रेट व टेंडर गड़बड़ी का भी लगाया आरोप

विधानसभा के बजट सत्र के 13वें दिन पूर्व सीएम रमन सिंह ने गारे पेलमा कोल ब्लॉक का मुद्दा उठाया। रायगढ़ कोल ट्रांसपोर्टेशन के रेट और टेंडर में गड़बड़ी का आरोप लगाया। उनके मुताबिक ट्रांसपोर्टेशन के लिए दोगुने दर पर टेंडर दिया गया। उन्होंने सवाल किया कि अतिरिक्त पैसा कहां जा रहा है? इसके जवाब से असंतुष्ट भाजपा सदस्यों ने वॉकआउट कर दिया। जवाब में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा- किलोमीटर के हिसाब से एसईसीएल खदान के भीतर ट्रांसपोर्टेशन के लिए रेट निर्धारित है। जब पिछली सरकार में टेंडर किया गया और नियम बनाया गया उसी समय ये कह दिया जाता कि गाइडलाइन के हिसाब से परिवहन होगा, लेकिन साल 2017 में तो आपने ऐसा किया नहीं। जब आप मुख्यमंत्री थे तब आपने जो नियम बनाया वही है। अलग-अलग खदानों के लिए अलग-अलग रेट आता है।

दो दिवसीय दौरे पर कल बस्तर पहुंच रहे केंद्रीय गृह मंत्री शाह

जगदलपुर/नवप्रदेश। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह कल 24 मार्च को अपने दो दिवसीय प्रवास पर छत्तीसगढ़ के बस्तर पहुंच रहे हैं। तय कार्यक्रम के अनुसार 24 मार्च की शाम दिल्ली से विशेष विमान से बस्तर पहुंच कर गृहमंत्री जगदलपुर के करणपुर में स्थित सीआरपीएफ के हेड क्वार्टर में रुकेंगे और अगले दिन सुबह 25 मार्च को सीआरपीएफ के 84वां स्थापना दिवस पर करणपुर सीआरपीएफ हेड क्वार्टर में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगे। गृह मंत्री की सुरक्षा को लेकर बस्तर पुलिस ने तगड़े इंतजामात किए हैं। दिल्ली और जम्मू-कश्मीर के बाद यह पहली बार है जब नक्सल प्रभावित क्षेत्र बस्तर में सीआरपीएफ अपना 84 वां स्थापना दिवस मनाने जा रही है और भव्य रूप से होने वाले इस कार्यक्रम में देश के गृहमंत्री अमित शाह भी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हो रहे हैं। अधिकारियों ने बताया कि तय कार्यक्रम के अनुसार 24 मार्च की शाम गृहमंत्री जगदलपुर पहुंचेंगे और जिसके बाद जगदलपुर एयरपोर्ट से हेलीकॉटर से करणपुर में मौजूद सीआरपीएफ हेड क्वार्टर पहुंचेंगे और यहां पहुंचकर सीआरपीएफ के आला अधिकारियों के साथ बैठक करने के बाद नक्सल मोर्चे पर तैनात जवानों से मुलाकात करेंगे, साथ ही उनके साथ रात का डिनर भी करेंगे। बस्तर में एंटी नक्सल ऑपरेशन को लेकर गृहमंत्री सीआरपीएफ अधिकारियों और जवानों से चर्चा करेंगे। इसके बाद 25 मार्च को सुबह सीआरपीएफ अपना 84वां स्थापना दिवस मनाएगी, लगभग 3 घंटों के इस कार्यक्रम में सीआरपीएफ के एक हजार से ज्यादा जवान अपना करतब दिखाने के साथ परेड भी करेंगे, जिसके बाद गृहमंत्री अमित शाह जवानों और सीआरपीएफ के अधिकारियों ■ शेष पृष्ठ 6 पर

संपादकीय

माननीयों की पेंशन पर पुनर्विचार हों

एक ओर तो सरकार खाली खजाने का रोना रोकर 30 साल सरकारी सेवा करने वाले कर्मचारियों की पेंशन देने में असमर्थता जताती है और कई राज्यों में तो यह पेंशन बंद भी कर दी गई है। वहीं दूसरी ओर मात्र पांच साल सांसद या विधायक रहने वाले माननीयों को हर माह पेंशन के रूप में मोटी रकम दी जाती है साथ ही मुफ्त रेल और हवाई यात्रा सहित और भी कई तरह की सुविधाएं प्रदान की जाती है। यही नहीं बल्कि हर दो चार साल बाद इन पूर्व सांसदों और विधायकों की पेंशन राशि में वृद्धि भी कर दी जाती है। सत्तापक्ष और विपक्ष के माननीय जो बात वात पर एक दूसरे से लड़ते रहते है वे जब भी माननीयों के पेंशन या अन्य सुविधाएं बढ़ाने की बात आती है तो एक जूट हो जाते है और ऐसा प्रस्ताव बगैर किसी चर्चा के मिनटों में ही सर्वसम्मति से पारित हो जाता है। हाल ही में एक राज्य ने अपने पूर्व विधायकों की पेंशन राशि में एक मुस्त 22000 हजार रूपए महीने की वृद्धि कर दी है। इस विधेयक में राज्य सरकार ने पूर्व विधायकों का टेलीफोन भत्त्ता, अर्दली भत्त्ता, रेल और वायुयान यात्रा का भत्त्ता बढ़ाने की घोषणा की गई। इसके तहत पूर्व विधायक सदस्यता के अपने पहले कार्यकाल (5 साल से अधिक कार्यकाल) के बाद हर 1 वर्ष के लिए प्रति माह एक हजार रुपए की अतिरिक्त पेंशन पाने का भी हकदार होगा। प्रत्येक मौजूदा सदस्य रेलवे/हवाई यात्रा के लिए मौजूदा 8 लाख रुपये प्रति वर्ष के बजाय 10 लाख रुपये प्रति वर्ष का भत्ता पाने का हकदार होगा। वहीं पूर्व विधायकों के लिए यह भत्ता 4 लाख रुपये प्रति वर्ष से बढ़ाकर 5 लाख रुपये प्रति वर्ष किया जाएगा। इसके अलावा पूर्व विधायक क्रमशः 10 हजार रुपये और 15 हजार रुपये का टेलीफोन भत्ता और अर्दली भत्ता पाने के हकदार होंगे। पहले पूर्व सदस्यों के लिए टेलीफोन और अर्दली भत्ते का कोई प्रावधान नहीं था। पेंशन और भत्तों में वृद्धि से राज्य के खजाने पर लगभग 16.96 करोड़ रुपये का अतिरिक्त वार्षिक बोझ पड़ने की संभावना है। सदन मे चर्चा के बाद एक-दो दिन में इसे पास कर दिया जाएगा। बता दें कि छत्तीसगढ़ विधानसभा में पिछले वर्ष जुलाई माह में मुख्यमंत्री, विधानसभा अध्यक्ष, मंत्रियों और विधायकों के वेतन में वृद्धि के लिए विधेयक पारित किया था, जिससे राज्य के खजाने पर 6.81 करोड़ रुपये का वार्षिक बोझ पड़ा था। छत्तीसगढ़ विधानसभा में 90 सदस्य हैं। छत्तीसगढ़ में विधायकों को 1 लाख रुपए से ज्यादा की सैलरी मिलती है। विधायकों और पूर्व विधायकों को मिलने वाली सुविधाओं को खंगाला तो पता चला सूबे में एक बार विधायक बनने के बाद माननीयों के मजे ही मजे हैं। वे दोहरी-तिहरी पेंशन की पात्रता रखते हैं, जबकि राज्य के कर्मचारियों को पेंशन की पात्रता समाप्त हो गई है। 2005 के बाद नियुक्त कर्मियों को पेंशन नहीं है। वे पुरानी पेंशन बहाली की मांग कर रहे हैं। राज्य के सरकारी कर्मचारियों को केवल एक बार पेंशन की पात्रता होती है। रिटायर अधिकारी-कर्मचारी यदि पेंशन प्राप्त कर रहा है और सरकार में संविदा सहित अन्य नियुक्ति होती है तो वेतन में पेंशन राशि कटने के बाद मिलता है, लेकिन विधायक-सांसदों के मामले में ऐसा नहीं है।

टेक्सटाइल मेगा पार्क- भारतीय उत्पाद निर्माण की ओर एक बड़ा कदम

पीयूष गोयल

> प्राचीन काल से चली आ रही भारतीय वस्त्रों की समृद्ध परंपरा, एक लंबी छलांग लगाने के लिए तैयार है, जो देश को एक वैश्विक निवेश, विनिर्माण और निर्यात केंद्र बना देगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने तमिलनाडु, तेलंगाना, कर्नाटक, महाराष्ट्र, गुजरात, मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश में सात पीएम मित्र मेगा टेक्सटाइल पार्क के निर्माण की घोषणा की है। ये मेगा टेक्सटाइल पार्क 4,445 करोड़ रुपये के परिव्यय से निर्मित किए जाएंगे। इस क्षेत्र की अवसंरचना के लिए, यह अब तक की सबसे बड़ी पहल होगी।
>
> प्रधानमंत्री के 5एफ विजन (खेत से फाइबर से फैक्टरी से फैशन से विदेश तक) से प्रेरित होकर, पीएम मित्र पार्क योजना; आत्मनिर्भर भारत और 'वोकल फॉर लोकल' पहल को हासिल करने की दिशा में एक बड़ा कदम है। ये मेगा पार्क इस क्षेत्र को 2030 तक 250 बिलियन डॉलर के कारोबार और 100 बिलियन डॉलर के निर्यात के लक्ष्य को हासिल करने में मदद करेंगे।

मेगा टेक्सटाइल पार्क वस्त्र क्षेत्र में व्यापक बदलाव करेंगे और प्रत्येक स्थल पर विश्व स्तरीय सुविधाओं, अत्याधुनिक अवसंरचना और एकीकृत मूल्य श्रृंखला की मदद से वैश्विक चैंपियन तैयार करेंगे। निर्माण और विकास करने वाली एक प्रमुख कंपनी का चयन किया जाएगा, जो पीएम मित्र पार्क की डिजाइन, योजना, निर्माण, वित्तपोषण, संचालन और रख-रखाव के लिए जिम्मेदार होगी। यह उद्योग के लिए एक बड़ी छलांग है, क्योंकि मूल्य श्रृंखला वर्तमान में पूरे देश में बिखरी हुई है, जो श्रृंखला के प्रत्येक संपर्क-बिंदु पर लागत और विलंब में वृद्धि करती है।

भारतीय उद्योग विश्व स्तर पर प्रतिस्पर्धी बन जायेंगे, क्योंकि पार्क उत्पादन बढ़ाने, लागत में कटौती करने, दक्षता में सुधार करने और उच्च गुणवत्ता वाले वस्त्रों व परिधानों की आपूर्ति में मदद करेंगे।

ये मेगा पार्क रोजगार के लगभग 20 लाख प्रत्यक्ष/अप्रत्यक्ष अवसरों का सृजन करेंगे और अनुमानित 70,000 करोड़ रुपये के घरेलू और विदेशी निवेश को आकर्षित करेंगे। ये मेगा पार्क शून्य द्रव रिसाव, साझा अपशिष्ट शोधन संयंत्र, उत्सर्जन मुक्त नवीकरणीय ऊर्जा के उपयोग और वैश्विक सर्वोत्तम तौर-तरीकों को अपनाने के साथ, सतत विकास के शानदार उदाहरण होंगे। ये मेगा पार्क ऐसे उत्पादों के निर्माण करने के प्रधानमंत्री के आह्वान के अनुरूप हैं जिनमें कोई खामी न हो और पर्यावरण पर जिनका कोई दुष्प्रभाव न हो।

यह रेखांकित करना प्रासंगिक है कि सदियों से, भारतीय वस्त्रों ने वैश्विक पहचान बनाई है, लेकिन दुर्भाग्य से, पिछली सरकारों द्वारा इस क्षेत्र को काफी अनदेखा किया गया। यह प्रधानमंत्री मोदी की दूरदर्शिता थी, जिसके तहत वस्त्र क्षेत्र के लिए पीएम मित्र योजना शुरू की गयी है। भारतीय अर्थव्यवस्था के मुख्य आधारों में से एक- वस्त्र क्षेत्र, भारतीय निर्यात का एक अहम हिस्सा है और इस क्षेत्र में साधारण किसानों से लेकर शहर के संपन्न निवासियों व व्यापार जगत के अग्रणी लोग तक शामिल हैं। वस्त्र क्षेत्र लाखों लोगों के लिए आजीविका का स्रोत है।

पीएम मित्र पार्क स्थापित करने के लिए 13 राज्यों से 18 प्रस्ताव प्राप्त हुए थे। एक पारदर्शी प्रक्रिया के माध्यम से सात मेगा पार्कों का चयन किया गया, जिन्हें पीएम गतिशक्ति राष्ट्रीय अवसंरचना मास्टरप्लान द्वारा मान्यता दी गयी थी। यह सहयोगी संघवाद का एक और उदाहरण है, क्योंकि केंद्र और संबंधित राज्य, दोनों ही विशेष प्रयोजन कंपनी (एसपीवी) के भागीदार होंगे, जो इन मेगा पार्कों की स्थापना और प्रबंधन करेगी।

इन पार्कों की स्थापना हेतु राज्य सरकारें कम से कम 1,000 एकड़ भूमि उपलब्ध करायेंगी। राज्य सरकारें उत्पादन प्रक्रिया के सुचारु संचालन एवं व्यापार करने में आसानी को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से एक अनुकूल व स्थिर नीतिगत व्यवस्था के साथ-साथ बिजली एवं पानी की आपूर्ति तथा कचरे के निपटारे की एक भरोसेमंद व्यवस्था तथा एकल खिड़की मंजूरी की एक कारगर सुविधा भी प्रदान करेंगी।

इन मेगा पार्कों में उत्कृष्ट बुनियादी ढांचे एवं प्लग-एंड-प्ले सुविधाओं के साथ-साथ वस्त्र उद्योग के लिए आवश्यक प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संबंधी सहायता भी उपलब्ध होंगी। ये पार्क एक ऐसा अनूठा मॉडल पेश करेंगे जहां केन्द्र और राज्य सरकारें निवेश बढ़ाने, नवाचार को प्रोत्साहित करने, रोजगार सृजित करने और वस्त्र के क्षेत्र में भारत को दुनिया में अग्रणी बनाने हेतु मिलकर काम करेंगी।

वस्त्र उद्योग ने सरकार की इस महत्वपूर्ण पहल के प्रति उत्साहवर्द्धक प्रतिक्रिया दी है। सरकार द्वारा यह पहल सभी हितधारकों के साथ व्यापक विचार-विमर्श के बाद शुरू की गई है। सीआईआई और फिक्की जैसे शीर्ष उद्योग संगठनों के साथ-साथ वस्त्र क्षेत्र से जुड़े प्रमुख उद्योग संघों ने पीएम मित्र मेगा पार्कों की स्थापना की घोषणा की सराहना की है।

उद्योग संगठनों ने यह उम्मीद व्यक्त की है कि अपेक्षाकृत कम लॉजिस्टिक्स लागत, आधुनिक बुनियादी ढांचा, वैश्विक स्तर पर व्यापार की संभावनाएं और केन्द्र एवं राज्य सरकारों की सहायक नीतियां भारतीय वस्त्र उद्योग को नई ऊंचाइयों पर ले जायेंगी और भारतीय व विदेशी उपभोक्ताओं को प्रतिस्पर्धी कीमतों पर उच्च गुणवत्ता वाले उत्पाद उपलब्ध करायेंगी।

वस्त्र मंत्रालय इन परियोजनाओं के कार्यान्वयन की निगरानी करेगा। मंत्रालय प्रत्येक पार्क के एसपीवी को विकास हेतु पूंजीगत सहायता के रूप में ग्रीनफील्ड पार्कों के लिए 500 करोड़ रुपये और ब्राउनफील्ड पार्कों के लिए 200 करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता प्रदान करेगा। इसके अलावा, वह कार्यान्वयन को तेजी से आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से प्रत्येक पार्क में स्थित इकाइयों को 300 करोड़ रुपये तक की राशि प्रदान करेगा। यह कदम अतिरिक्त प्रोत्साहन देने हेतु अन्य सरकारी योजनाओं के साथ समन्वय की सुविधा भी प्रदान करेगा।

पीएम मित्र के प्रावधान वैसे मुक्त व्यापार समझौतों पर हस्ताक्षर करने के लिए सरकार की विभिन्न पहल के साथ सामंजस्य बिठाते हैं, जो विकसित बाजारों में हमारे भारतीय वस्त्रों, परिधानों तथा कई अन्य क्षेत्रों के लिए व्यापार की संभावनाओं को बेहतर बनाते हैं। भारत पहले ही संयुक्त अरब अमीरात एवं ऑस्ट्रेलिया के साथ व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर कर चुका है और कनाडा, ब्रिटेन एवं यूरोपीय संघ के साथ इस संबंध में बातचीत कर रहा है। इन प्रयासों से भारतीय वस्त्रों को लाभकारी विकसित बाजारों में अपनी पैठ मजबूत करने में मदद मिलेगी और वस्त्र एवं परिधान के वैश्विक व्यापार में देश की हिस्सेदारी में उल्लेखनीय वृद्धि होगी।

भारत की गिनती पहले ही दुनिया के सबसे बड़े वस्त्र एवं परिधान निर्यातक देशों में से एक के रूप में होती है। लेकिन अब जबकि देश 2047 तक प्रधानमंत्री मोदी के निर्णायक एवं दूरदर्शी नेतृत्व में एक विकसित राष्ट्र बनने की ओर अग्रसर है, अमृत काल में हमारी आकांक्षा दुनिया का सबसे बड़ा वस्त्र निर्यातक देश बनने की है। पीएम मित्र के जरिए हम सही दिशा में आगे बढ़ रहे हैं।

- पीयूष गोयल, वाणिज्य और उद्योग मंत्री; उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण तथा वस्त्र मंत्री, भारत सरकार, राज्यसभा में सदन के नेता

(लेखक, केन्द्रीय वाणिज्य एवं उद्योग, उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण तथा वस्त्र मंत्री और राज्यसभा में सदन के नेता हैं)

आज का पंचांग ()

सूर्योदयः 06:32, सूर्यास्तः 06:24
चन्द्रोदयः 27:18, चन्द्रास्तः 12:21

अयन उत्तरायणे (दक्षिणगोलीय)

ऋतुः बसंत, शक सम्वतः 1944 (शुभकृत), विक्रम सम्वतः 2079 (नल), मास : चैत्र, पक्ष : शुक्ल, तिथि : द्वितीया, नक्षत्र : रेवती, योग : व्यतीपात (10:07 से वरीयान), प्रथम करण : गर (16:39 तक), द्वितीय करण : वणिज (27:26 तक)

॥ गोचर ग्रहाः ॥

सूर्य : मीन, चंद्र : धनु, मंगल : मिथुन (उदित, पश्चिम, मार्गी), बुध : मीन (अस्त, पूर्व, मार्गी), गुरु : मीन (उदित, पूर्व, मार्गी), शुक्र : मेष (उदित, पश्चिम), शनि : कुम्भ (उदित, पूर्व, मार्गी), राहु : मेष, केतु : तुला

शुभाशुभ मुहूर्त विचार

अभिजित मुहूर्त - 12:02 से 12:50, अमृत काल - 24:18 से 25:48, विजय मुहूर्त - 14:26 से 15:14, गोधूलि मुहूर्त - 18:23 से 18:47, सायाह्न सन्ध्या - 18:25 से 19:37, निशिता मुहूर्त - 24:01 से 24:49, राहुकाल - 13:30 से 15:00, राहुवास - दक्षिण, यमगण्ड - 06:26 से 07:56, होमाहुति - राहु, दिशाशूल - दक्षिण, अग्निवास - पाताल (16:39 पृथ्वी), भद्रावास - पाताल (27:26 से), चन्द्रवास - पूर्व, शिववास - सभा में (16:39 से क्रीड़ा में)

चौघड़िया विचार

॥ दिन का चौघड़िया ॥

1 - शुभ 2 - रोग 3 - उद्वेग 4 - चर 5 - लाभ 6 - अमृत 7 - काल 8 - शुभ

॥रात्रि का चौघड़िया॥

1 - अमृत 2 - चर 3 - रोग 4 - काल 5 - लाभ 6 - उद्वेग 7 - शुभ 8 - अमृत

नोटः दिन और रात्रि के चौघड़िया का आरंभ क्रमशः सूर्योदय और सूर्यास्त से होता है। प्रत्येक चौघड़िए की अवधि डेढ़ घंटा होती है।

शुभ यात्रा दिशाः पूर्व-उत्तर (दही का सेवन कर यात्रा करें)

आज जन्मे शिशुओं का नामकरण

आज जन्मे शिशुओ का नाम रेवती नक्षत्र के प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं चतुर्थ चरण अनुसार क्रमशः (दे, दो, चा, ची) नामाक्षर से रखना शास्त्रसम्मत है।

उदय-लग्न मुहूर्त

कुम्भ - 29:01 से 06:27, मीन - 06:27 से 07:50, मेष - 07:50 से 09:24, वृषभ - 09:24 से 11:19, मिथुन - 11:19 से 13:33, कर्क - 13:33 से 15:55, सिंह - 15:55 से 18:14, कन्या - 18:14 से 20:32, तुला - 20:32 से 22:53, वृश्चिक - 22:53 से 25:12, धनु - 25:12 से 27:16, मकर - 27:16 से 28:57

पञ्चक रहित मुहूर्त

चोर पञ्चक - 06:26 से 06:27, शुभ मुहूर्त - 06:27 से 07:50, शुभ मुहूर्त - 07:50 से 09:24, चोर पञ्चक - 09:24 से 11:19, शुभ मुहूर्त - 11:19 से 13:33, रोग पञ्चक - 13:33 से 15:55, शुभ मुहूर्त - 15:55 से 16:39, मृत्यु पञ्चक - 16:39 से 18:14, अग्नि पञ्चक - 18:14 से 20:32, शुभ मुहूर्त - 20:32 से 22:53, रज पञ्चक - 22:53 से 25:12, शुभ मुहूर्त - 25:12 से 27:16, चोर पञ्चक - 27:16 से 28:47, शुभ मुहूर्त - 28:47 से 28:57, रोग पञ्चक - 28:57 से 30:25

आज का राशिफल

ज्योतिषाचार्य वास्तुविशेषज्ञ डॉक्टर देवव्रत गुरुजी

मेष : आपके लिये आज का दिन कष्ट वाला रहेगा। घरेलु कलह के कारण दिनचर्या अस्त-व्यस्त रहेगी। असंयमित खान पान के कारण सेहत खराब हो सकती है।

वृष : आज के दिन परिस्थितियों में थोड़ा सुधार रहेगा। नौकरी व्यवसाय सम्बंधित कार्यो के प्रति अधिक गंभीर रहेंगे। अधूरे कार्यो को आज पहले पूर्ण करेंगे बाद में ही अन्य कार्य आरम्भ करेंगे।

मिथुन : आज के दिन आपकी राशि से चतुर्थ चंद्र सम्बन्धो अथवा आर्थिक मामलो में अवश्य हानि कराएगा। प्रत्येक कार्यो को करने से पहके भली भांति जांच परख लें।

कर्क : आज के दिन आप अधिक व्यस्त रहेंगे व्यवसाय एवं घर के कार्य एक साथ आने से थोड़ी परेशानी रहेगी फिर भी तालमेल बैठा लेंगे।

सिंह : आज के दिन आप आत्मनिर्भर होकर कोई भी कार्य नहीं कर पाएंगे अधिकांश कार्यो में किसी की सहायता की आवश्यकता पड़ेगी परन्तु कार्यो में मार्गदर्शन के बाद भी सफलता आज संदिग्ध ही रहेगी।

कन्या : आपका आज का दिन मिला जुला रहेगा। मन के विचार पल में बदलने से निर्णय लेने में परेशानी होगी अथवा निर्णय जल्दबाजी में लेने से गलत सिद्ध होंगे।

तुला : आज के दिन आपकी सोची योजनाएं असफल होने की संभावना है कार्यो में पहले सफलता मिलती नजर आएगी लेकिन अंत समय में कोई व्यवधान आएगा।

वृश्चिक : सामाजिक दृष्टिकोण से आज का दिन मान-सम्मान दिलाने वाला रहेगा लेकिन अहम् की भावना भी अधिक रहेगी। आसपड़ोसी आज आपके किसी महत्त्वपूर्ण कार्य में सहयोगी भूमिका निभायेंगे।

धनु : आज के दिन आपके अंदर परोपकार की भावना रहेगी। लेकिन सामजिक व्यवहारों के प्रति नीरसता दिखायेगे आस पास की घटनाओं को जानते हुए भी अनदेखा करेंगे।

मकर : आज के दिन आप धार्मिक गतिविधियों में अधिक सक्रियता दिखाएंगे तंत्र मंत्र एवं गुड़ विषयो के नए अनुभव मिलेंगे परिस्थितयां प्रतिकूल रहने के कारण इससे मानसिक शांति अवश्य मिलेगी।

कुंभ : आज के दिन आपके सभी कार्य आशा के विपरीत रहने वाले है। स्वास्थ्य भी अचानक बिगड़ने से कार्य करने में असहजता होगी।

मीन : आज के दिन आप यात्रा की योजना बनाएंगे परन्तु अंत समय में निर्णय की स्थिति के कारण स्थगित करनी पड़ सकती है।

पाठकों की बात

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

जैसे ही चूहे

जैसे ही चूहे बिल से निकलते हैं कविता वैसे दिल से निकलते हैं । अंदाज़ ए बयां शायराना जिनके दर्द लबों से उनके निकलते हैं । खिचड़ी जब भी बुदबूदाने लगे सियासी चम्मच दिमाग़ में चलते हैं । मैं हूँ जो अंतरात्मा को बुहारता रहा यूं ही नहीं अदाकारी मेरे चमकते हैं ।

- सुरेश वैष्णव

आए दिन दिखने

आए दिन दिखने लगे,ऐसे लोग तमाम। करें मंच पर मसखरी,ले कविता का नाम। ले कविता का नाम,चुटकुले खूब सुनाते। बैठे फूहड़ लोग, तालियाँ मिले बजाते। रोएँ ग़ज़लें, छंद, गीत घूमें घबराए। बैठ धुने सिर काव्य, देख ये दुर्दिन आए।

- डॉ.बिपिन पाण्डेय

खास पाती

बना सकते हो क्या मेरा

बना सकते हो क्या .. मेरा एक चित्र. अब तुम कहोगे मैं कोई पेन्टर नहीं अरे. सुनो तो किसी पन्ने पर नहीं, अपने दिल के कैनवास पर अपने मन के विभिन्न भावों से मेरे आत्मा पर लकीरें खींच मेरे मन की सीमा में अपनी प्रीत के कुछ रेखा चित्र उकेर मेरी रूह को अपनी रंग में रंगना है हाँ बस इतना ही तो करना है मेरी इश्किया चूनर में अपनी.. हर उमंग भरना है, सुनो. मेरे मन्दिर के भावों के कुशल चितेरे. वो मनमोहना हाँ मुझे तेरी जो बनना है।

- किरण मिश्रा

भाव समर्पण हो जहाँ सुन्दर बने

भाव समर्पण हो जहाँ , सुन्दर बने जहान प्रेम सेतु झूले पड़े , कहते उसे मकान दिल से मिलते दिल यहाँ ,मिटे शोक अवसाद मिले उदासी को यहाँ , मीठा मीठा स्वाद सद्कर्मों की राह ले , सीखें सद्व्यवहार संतोष सिखाते बड़े , लक्ष्मी आये द्वार देह को पहचान मिली , निश्छल बरसे प्यार जीवन लक्ष्य सफल हुए , स्वप्न होंगे साकार दिल में दूरी बढ़ गई , ज्यों बड़े हुए मकान मौन मौन के खेल में , रिश्तों के शमशान।

- ज्योत्सना सक्सेना

मै जब भी परेशान होती हूं

मै जब भी परेशान होती हूं कभी-कभी तो किसी से कह भी नहीं सकती जानती हूं आज जिसे बताऊंगी कल वो ही हमारे सामने ही हमारा मजाक बना देगा या फिर कहेगा कि इसकी तो रोने की आदत है तो बस मै बैठ जाती हूँ कुछ देर भगवान के चरणों में जो भी मन की हलचल हो कह लेती हूं यकीन मानों परिस्थितियां सामान्य और हमारे अनुकूल हो जाती है भगवान अपनी कृपा बनाये रखना।

- सुनिता पुष्पराज पाण्डेय

गिल्लू ताई, क्लास लगाई मोटा

गिल्लू ताई, क्लास लगाई मोटा डण्डा लेकर आई धीरे-धीरे कदम बढ़कर इधर-उधर नज़रें दौड़ाई खोल रजिस्टर बैठ गई फिर इक इक को आवाज़ लगाई गज्जू,शेरू,बिल्लू,टिल्लू सारे बैठे दिए दिखाई क्लास बंक कर भागा बंदर ताई उसको पकड़ के लाई कान पकड़ कर ऊठक बैठक करने की फिर सजा सुनाई ऊठक बैठक करते करते गिरा धड़ाम से देखो भाई उसकी हालत देखी ऐसी सबने ताली खूब बजाई।

- रजनी रामदेव

तू मुझमें नहीं- मैं तुझमें नहीं तो

तू मुझमें नहीं- मैं तुझमें नहीं तो तुझ संग चलूं मैं कैसे ना तू मेरे करीब है जीवन से महक महक से जीवन खोजूँ यहाँ कैसे न भाव है यहाँ ना ही भावनायें जीवन हैं न साँसें सूखा रेगिस्तान बस साथ खड़ा है मेरे तुझ संग चलूं मैं कैसे ना संगीत मन का, ना गीत कोई अधरों पर नाँ ही तेरा साथ संगी ना कोई पथ समीप है मैं ना तेरे साथ रे संगी ना तू मेरे करीब है तुझ संग चलूं मैं कैसे।

- ललित उपाध्याय

पायल अक्सर वहां खनक जाती है

पायल अक्सर वहां खनक जाती है जहां उन्हें मौन होना होता है चूड़ियां भी प्रायः यही गलती दोहरा देती है समाज सवाल दिल बगावत करता है दो जोड़ी आंखें खुश रहती है प्रश्नचिन्ह कविता लिखते हैं लक्ष्मन रेखा मुस्कराती है। **- शोभा गोयल**

तुम्हें देखने के लिए आईना देख

तुम्हें देखने के लिए आईना देख लेते हैं अगर तुम मेरे ख्यालों में नहीं तो तुम कहीं भी नही कहीं भी नही रहेगी साथ मेरे हरदम वो मूरत जो दिल में बनी है गर वह आइने में नहीं तो वह और कहीं नहीं कही नहीं कहीं नहीं। **- नवीन शंकर शर्मा**

QUIZ TIME

1) 22 मार्च 2023 विश्व जल दिवस का विषय क्या है?

2) सड़क पर रहने वाले जानवरों के लिए भारत की पहली एंबुलेंस सेवा किस शहर में शुरू की गई है?

3) किस राज्य सरकार द्वारा सुषमा स्वराज पुरस्कार देने की घोषणा की गई है?

4) पहली बार कितनी महिलाओं को डिफेंस सर्विसेज स्टाफकॉलेज के लिए चुना गया है?

5) किस भारतीय मूल के नोबेल विजेता को ब्रिटेन के ऑर्डर ऑफ मेरिट पुरस्कार से सम्मानित किया गया?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) एक्सीलेरेटिंग चेंज (2) मुंबई (3) हरियाणा (4) 06 (5) वेंकी रामकृष्णन

प्रेरक प्रसंग - मेरा उपदेश

एक व्यक्ति किसी महात्मा के पास गया और उस महात्मा से उपदेश देने की प्राथना की।

महात्मा बोले, मेरा उपदेश यह है की आज के बाद किसी से उपदेश मत मांगना।

महात्मा की इस बात को सुन कर वह व्यक्ति उलझन में पड गया, सोंच में पड गया की महात्मा ने एसा क्यों कहा होगा।

उसे इस असमंजस में पड़े देख महात्मा बोले ह्र की हे व्यक्ति तुम बताओं की, सच बोलना अच्छा है या बुरा है।

व्यक्ति बोला कि - महात्मन, सच बोलना तो अच्छा बात है।

महात्मा - चोरी करना ठीक है या गलत।

व्यक्ति - चोरी तो पाप है महाराज, यह तो गलत बात है।

महात्मा - समय का सदुपयोग करना चाहिए या दुरपयोग करना चाहिए।

व्यक्ति - महाराज, समय बहुत कीमती है, इसका सदुयोग करना चाहिए अच्छे कामों में लगाना चाहिए।

महात्मा - व्यक्ति बताओं कि दुसरो की इज़्ज़त करनी चाहिए या नहीं करनी चाहिए।

व्यक्ति - दूसरों की इज़्ज़त जरुरी है महराज, तभी तो खुद को इज़्ज़त मिलेगा इसलिए दूसरों को इज़्ज़त अवश्य करनी चाहिए। अंत में महात्मा ने उस व्यक्ति से कहा कि फ्तुम सब कुछ तो जानते हो फ़िर और कौन सा उपदेश चाहिए तुम्हे। जब तुम्हे अच्छाइयों का ज्ञान है तो इसका पालन करों, इसे जीवन में उतारो, इन पर अम्ल करो तभी तो उपदेश का महत्व होगा।

तभी तो कल्याण होगा, केवल उपदेश सुनने से मात्र कल्याण नहीं होने वाला।

दोस्तों कहानी, लेख का तात्पर्य यह है की केवल उपदेश सुनने से कुछ होने वाला नहीं है, उसे जीवन में उतारना बहुत जरुरी है। हम सब चीज़े जानते है, सही गलत का फर्क पहचानते है फीर भी जीवन भर उलझे रहते है। और तो और इतना समझ होने के बाद भी हमे पल-पल उपदेश का Motivation चाहिए होता है, जबकि सारा गुण हमारे अंदर हैं।

आज का इतिहास

नई दिल्ली (वार्ता)। 1568- फ्रांसीसी युद्धों के दूसरे चरण को समाप्त करने के लिए लॉन्गजुमाऊ की शांति संधि पर हस्ताक्षर किए गए थे। 1880- स्वतंत्रता सेनानी बसंती देवी का जन्म। 1888- इंग्लैंड में दुनिया की सबसे पुरानी पेशेवर एसोसिएशन फुटबॉल लीग 'द फुटबॉल लीग, की स्थापना। 1910- डॉ. राममनोहर लोहिया का उत्तर प्रदेश के फैजाबाद जिले में जन्म। 1931- भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान क्रांतिकारी भगत सिंह और उनके साथियों राजगुरु तथा सुखदेव को फांसी दी गई। 1956- पाकिस्तान दुनिया का पहला इस्लामिक गणतंत्र बना। 1965- नासा ने पहली बार जैमिनी 3 अंतरिक्ष यान से दो व्यक्तियों को अंतरिक्ष में भेजा। 1976- भारतीय जनता पार्टी की सांसद और टेलीविजन कलाकार स्मृति ईरानी का जन्म। 1983- अमेरिका के राष्ट्रपति रोनाल्ड रीगन ने स्ट्रैटेजिक डिफेंस इनीशियेटिव या रणनीतिक रक्षा प्रबंध की घोषणा की। 1986- केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल में महिलाओं की पहली कंपनी को प्रशिक्षित किया गया।

वर्ग पहेली

शब्द सामर्थ्य -011

(भागवत साहू)

बाएं से दाएं

1. तकलीफ, कष्ट, कठिनाई, परेशानी 3. सरल, सहज 6. ज्ञान प्राप्त करना, शिक्षा लेना 7. विवश, लाचार 8. अत्यधिक ठंडा, सुस्त 9. अच्छे ढंग में गाया जाने वाला सुंदर गीत 11. सूर्य, सूरज 13. वस्त्र आदि धारण कराना 15. अप्रसन्न, नाखुश 16. खिंचाव, आकर्षण शक्ति (उ.) 18. एक रंग, आसमानी रंग 22. सेवा-सत्कार, आवभगत 23. सर्प, सांप, लकड़ी आदि की मूर्ति बनाना।

ऊपर से नीचे

1. हृदय, उर 2. शिष्टता, भद्रता, विवेक (उ.) 3. अंततः, अंततोगत्वा 4. अच्छी शिक्षा, नेक सलाह 5. आवागमन, गमनागमन 7. पुरुष 8. घोड़े की तेज चाल, तेज गति की दौड़ 10. लूटपाट, डकैती 12. बर्बादी, तबाही 14. नासिका, श्वसनइंद्रीय 17. आखेटक, अहेरी 19. योग्य, काबिल 20. कामदेव की पत्नी, प्रेम, आनंद 21. रात्रि, निशा।

1		2	■	3		4	■	5
	■		■		■	6		
■	7				■		■	
8		■	■		■	9	10	
	■	■	■	11	12	■		■
13			14	■	15			■
	■	■	16	17		■	18	19
■	20	■	■		■	21	■	
22					■	23		

शब्द सामर्थ्य क्रमांक 010 का हल

चु	स्त	■	मु	■	सं	स्था	न	■
ग	■	म	र्दा	न	गी	■	त	म
ली	प	ना	■	■	त	न	■	■
■	ना	ना	■	■	■	■	ज	■
मा	ह	■	रा	■	सा	ज	न	■
न	■	स	ह	दे	व	■	म	द
व	■	म	■	व	न	ज	■	ल
ता	क	त	व	र	■	मी	■	द
■	ल	ल	क	■	क	र	त	ल

न्यूज गैलरी

मुख्यमंत्री की घोषणा के अनुरूप शिक्षित बेरोजगारों को मिलेगा 2500 रुपए प्रतिमाह की दर से बेरोजगारी भत्ता

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा 1 अप्रैल 2023 से प्रदेश के शिक्षित बेरोजगारों को 2500 रुपए प्रतिमाह की दर से बेरोजगारी भत्ता देने की घोषणा की गई है। इस संबंध में कौशल विकास, तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार विभाग द्वारा योजना की स्वीकृति प्रदान करते हुए आदेश जारी कर दिया गया है। संचालक रोजगार एवं प्रशिक्षण छत्तीसगढ़ रायपुर ने बताया कि बेरोजगारी भत्ता प्राप्त करने के लिए निर्धारित मापदण्ड एवं शर्तों के अनुसार बेरोजगारी भत्ता प्राप्त करने के लिए आवेदक का छत्तीसगढ़ का मूल निवासी होना आवश्यक है। शिक्षित बेरोजगारों की आयु 18 से 35 वर्ष के बीच होनी आवश्यक है। वह मान्यता प्राप्त बोर्ड से न्यूनतम हायर सेकंडरी (12वीं) उत्तीर्ण हो। वह जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्ग दर्शन केंद्र में पंजीकृत हो और आवेदन के वर्ष के 1 अप्रैल को हायर सेकंडरी अथवा उससे अधिक योग्यता में उसका रोजगार पंजीयन न्यूनतम दो वर्ष पुराना हो। आवेदक की आय का कोई स्त्रोत न हो एवं आवेदक के परिवार की समस्त स्त्रोतों से वार्षिक आय 2 लाख 50 हजार रुपए से अधिक न हो। परिवार से तात्पर्य है- पति, पत्नी एवं आश्रित बच्चे एवं आश्रित माता-पिता। पात्र शिक्षित युवा को प्रथमतः एक वर्ष के लिए बेरोजगारी भत्ता देय होगा। यदि व्यक्ति विशेष का एक वर्ष की इस अवधि में लाभकारी नियोजन नहीं हो पाता है, तो बेरोजगारी भत्ते की अवधि एक वर्ष के लिए और बढ़ाई जा सकेगी। किसी भी प्रकरण में यह अवधि दो वर्ष से अधिक नहीं होगी।

भाजपा के राजनैतिक पुनर्वास के लिये अरूण साव धर्मांतरण का मुद्दा उठा रहे : कांग्रेस

रायपुर/नवप्रदेश। मुद्दाविहीन भाजपा की डूबती राजनीति को बचाने के लिये भाजपा अध्यक्ष अरूण साव एक बार फिर धर्मांतरण का झूठा राग अलाप रहे है। प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि छत्तीसगढ़ में जोर जबरदस्ती दबावपूर्वक धर्मांतरण जैसी कोई बात है ही नहीं। छत्तीसगढ़ में सभी धर्मावलंबी एक दूसरे के धर्म का पूरा सम्मान करते हुये भाईचारा से रह रहे है। राज्य में जबरिया धर्मांतरण या प्रलोभन देकर धर्मांतरण की बातें आरएसएस और भाजपा का दिमागी फित्तूर है। छत्तीसगढ़ में धर्मांतरण विरोधी कानून अविभाजित मध्यप्रदेश के समय से लागू है। प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने स्पष्ट रूप से कहा है कि कही भी जबरिया धर्मांतरण की कोई भी शिकायत आयेगी उस पर कड़ी कार्यवाही की जायेगी। आज तक किसी भी भाजपा आरएसएस के नेता ने प्रदेश के किसी भी थाने में जबरिया धर्मांतरण के खिलाफ न एक रिपोर्ट लिखाई और न किसी पीड़ित को सामने किया। दरअसल भाजपा के पास ऐसा कोई प्रमाण है ही नहीं। प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि भाजपा एक धर्मांतरण की बातें करके बहुसंख्यक वर्ग में भ्रम फैलाकर अपनी राजनैतिक आकांक्षाओं की पूर्ति करना चाहती है। छत्तीसगढ़ में भाजपा के पास जनहित के मुद्दों को उठाने के लिये कोई विषय ही नहीं बचा है। छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार हर वर्ग के भले के लिये काम कर रही है।

मोदी सरकार की लापरवाही से भगोड़े मेहुल चोकसे का रेडकार्नर नोटिस रद्द हुआ : कांग्रेस

रायपुर/नवप्रदेश। भगोड़े मेहुल चोकसे के रेड कार्नर नोटिस रद्द होने पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुये प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने कहा कि अडानी के घोटाले पर पर्दा डालने के लिये संसद में चर्चा नहीं कराने

वाली तथा विपक्षी दलों के द्वारा अडानी के घोटाले का संयुक्त संसदीय समिति से जांच की मांग ठुकराने वाली मोदी सरकार ने अब अपने एक और मित्र मेहुल चोकसे को भी कानून के सिकंजे से बचाने तथा भारत में गिरफ्तार करके लाने की संभावनाओं को बंद करवा दिया गया। मोदी सरकार की ईडी-सीबीआई मेहुल चौकसी के खिलाफ इंटरपोल को पर्याप्त सबूत नहीं दे पायी इसलिए इंटरपोल ने मेहुल चौकसी के खिलाफ रेड कॉर्नर नोटिस को रद्द कर दिया। अभी तो मेहुल चोकसे के बच निकलने के रास्ते बनाये गये है। यह तय है कि निकट भविष्य में नीरव मोदी और विजय माल्या जैसे मित्रों को बचाने के रास्ते मोदी सरकार खोजेगी। भारत सरकार और सीबीआई ने मजबूती से अंतरराष्ट्रीय जांच एजेंसी इंटरपोल के समक्ष मेहुल चोकसे के खिलाफ पक्ष रखा होता तो उसका रेड कार्नर नोटिस रद्द नहीं होता यह मोदी सरकार द्वारा अपराधी को राहत देने के लिये लापरवाही बरती गयी। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने कहा कि यह मोदी सरकार का चरित्र है विपक्षी दल के प्रमुख नेता को जनता के हितों की आवाज उठाने पर दिल्ली पुलिस से नोटिस दिलवाते है तथा देश का पैसा लेकर विदेश भागने वाले मेहुल चोकसे के खिलाफरेड कार्नन नोटिस को फड़वाते है। घोटाले बाज अडानी के खिलाफ जांच नहीं करवाने के लिये पूरी भाजपा संसद में एकजुट हो जाती है। राहुल गांधी द्वारा लोकतंत्र के हित में उठाई गयी आवाज को दबाने संसद नहीं चलने दिया जाता। यह भाजपा का फासीवादी चरित्र है।

प्रदेश सरकार ने लाखों युवाओं को हताशा व निराशा के गर्त में धकेला : भाजपा

रायपुर/नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री ओपी चौधरी ने कहा है कि राज्य लोक सेवा आयोग द्वारा हाईकोर्ट में 10 प्रतियोगी परीक्षाओं पर स्थगन की बात स्वीकार करने के बाद यह बात आईने की तरह साफहो गई है कि प्रदेश की कांग्रेस सरकार ने युवाओं को हताशा और निराशा के गर्त में धकेल दिया है। चौधरी ने कहा कि आरक्षण के नाम पर राजनीतिक पैंतरेबाजी करके मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने प्रदेश की प्रतिभासंपन्न युवा शक्ति का मखौल उड़ाने का काम किया है। भाजपा प्रदेश महामंत्री चौधरी ने कहा है कि प्रदेश की पूर्ववर्ती भाजपा सरकार के कार्यकाल में 58 प्रतिशत आरक्षण के साथ छत्तीसगढ़ में युवाओं से संबंधित विभिन्न भर्ती परीक्षाएं व्यवस्थित ढंग से संचालित होती रही हैं, लेकिन प्रदेश में जब से कांग्रेस की सरकार बनी है, आरक्षण के नाम पर राजनीतिक पैंतरेबाजी का दौर शुरू हुआ है और आज स्थिति यह हो गई है की विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाएं रोक दी गई है, स्थगन की स्थिति में हैं। चौधरी ने कहा है कि राज्य लोक सेवा आयोग ने हाईकोर्ट में दस्तावेज प्रस्तुत किया है जिसमें 10 प्रतियोगी परीक्षाओं के स्टे होने की बात को स्वीकार किया गया है। आयोग द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज के अनुसार 6.68 लाख युवा अभ्यर्थी इन विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में सम्मिलित हुए हैं। इन लाखों युवाओं के भविष्य को अंधकार में डालकर प्रदेश की बघेल सरकार पूरे प्रदेश की युवा शक्ति को, आने वाली पीढ़ी को हताशा व निराशा के गर्त मे धकेल रही है। चौधरी ने कहा है कि छोटे-छोटे गांव से गरीब, किसान, मजदूर के परिवारों से जाने वाली युवा पीढ़ी के साथ इस तरह का अन्याय प्रदेश सरकार और मुख्यमंत्री बघेल अपनी राजनीतिक पैंतरेबाजियों के लिए न करें।

बस्तर की घटना के लिए गठित भाजपा जांच दल घटनास्थल पहुंचकर मामले की जांच

रायपुर/नवप्रदेश। विगत दिनों बस्तर जिले के भेजरीपदर में घटित घटना को लेकर भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अरूण साव ने एक 06 सदस्यीय जांच समिति का गठन किया था । समित के सदस्य ननकीराम कंवर, विधायक, दिनेश कश्यप, किरण देव, बैदुराम कश्यप, राजाराम तोड़ेम, शिवनारायण पाण्डेय, के साथ भाजपा प्रदेश महामंत्री केदार कश्यप ने घटनास्थल पहुंचकर ग्राम वासियों से मुलाकात की वह मामले की जांच की।

विधायकों का वेतन भत्ता, पेंशन संशोधन विधेयक पारित

- **पूर्व विधायकों को अब 58,300 रुपए मिलेगी पेंशन, पत्रकार सुरक्षा विधेयक भी पारित**

रायपुर/नवप्रदेश। विधानसभा के बजट सत्र के 13वें दिन बुधवार को विधायकों का वेतन भत्ता पेंशन संशोधन विधेयक सर्वसम्मति से पारित किया गया। जिसमें राज्य के पूर्व विधायकों के पेंशन और यात्रा भत्ते में बढ़ोत्तरी की गई है। संसदीय कार्य मंत्री रविन्द्र चौबे द्वारा लाए गए इस विधेयक में पूर्व विधायकों की पेंशन 35 हजार रुपए से बढ़ाकर 58,300 रुपए किया गया है। फिलहाल सदन की कार्यवाही गुरुवार 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई है। छत्तीसगढ़ मीडियाकर्मी सुरक्षा विधेयक 2023 सदन में आज सर्वसम्मति से पारित हो गया। हालांकि विपक्ष ने विधेयक पर चर्चा से बहिष्कार कर दिया। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि, प्रदेश के लिए आज ऐतिहासिक दिन है। पत्रकार सुरक्षा कानून सर्वसम्मति से पारित हुआ है। पत्रकार जान जोखिम में डाल कर काम करते हैं। विपक्ष इस विधेयक को टालना चाहता था। उनका चर्चा में भाग नहीं लेना दुर्भाग्य जनक है। फिर भी ये विधेयक सर्वसम्मति से पारित हुआ है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि, विधेयक को बनाने के लिए रिटायर्ड जस्टिस आफ ताब आलम की अध्यक्षता में बनी कमेटी में सभी पहलुओं पर राय ली गई है। छत्तीसगढ़ में मीडियाकर्मी के रूप में उनके कर्तव्यों के निर्वहन के दौरान मीडियाकर्मियों के विरूद्ध हिंसा को रोकने तथा मीडिया संस्थानों की संपत्तिकी क्षति एवं नुकसान होने से रोकने एवं इससे संबंधित और इसके आनुशंगिक विषयों के लिए उपबंध करने के लिए विधेयक पारित हुआ है। दरअसल, हिंसा का कार्य मीडियाकर्मियों या मीडिया संस्थानों की संपत्ति की क्षति एवं नुकसान से राज्य में अशांति निर्मित हो सकती है। इसे रोकने के लिए ही छत्तीसगढ़ में मीडियाकर्मी सुरक्षा विधेयक लागू करना जरूरी था।

अचानकमार टाइगर रिजर्व का मामला गूंजा : प्रश्नकाल के दौरान विधायक धर्मजीत सिंह ने अचानकमार टाइगर रिजर्व के लिए ग्राम खुड़िया में प्रवेश द्वार खोले जाने जानकारी जानकारी मांगी। खुड़िया में टाइगर रिजर्व प्रवेश द्वार खोला जाना है तो कब तक इसे खोला जाएगा। मंत्री मोहम्मद अकबर बोले- अचानकमार टाइगर रिजर्व मुंगेली और बिलासपुर जिला अंतर्गत स्थित है, टाइगर रिजर्व के लिए गुड़िया में प्रवेश द्वार खोला जाना प्रस्तावित नहीं है। धर्मजीत बोले- खुड़िया पर्यटन स्थल है गेट खोला जाए तो पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। इस पर मंत्री मोहम्मद अकबर ने कहा- भारत सरकार द्वारा जारी आदेश के अनुसार इस प्रस्ताव पर स्वीकृति पर विचार नहीं किया जा सकता। केंद्र सरकार से गेट खोलने की अनुमति नहीं है। धर्मजीत बोले- खुड़िया नही तो अन्य गांव में गेट खोला जा सकता है, आवागमन के लिए साधन हो, विभाग की रक्षक भी होंगे। बॉर्डर क्षेत्र में खोला जा सकता है। मंत्री मोहम्मद अकबर ने कहा- इसका परीक्षण करा लिया जायेगा।

छग बकाया कर, ब्याज एवं शास्ति के निपटान विधेयक पारित

छत्तीसगढ़ राज्य के वाणिज्यिक कर विभाग द्वारा प्रशासित केन्द्रीय विक्रय कर अधिनियम, 1956, छत्तीसगढ़ सामान्य विक्रय कर अधिनियम, 1958, छत्तीसगढ़ स्थानीय क्षेत्र में माल के प्रवेश पर कर अधिनियम, 1976, छत्तीसगढ़ होटल तथा वास गृहों में विलास वस्तुओं पर कर अधिनियम, 1988, छत्तीसगढ़ वाणिज्यिक कर अधिनियम, 1994, छत्तीसगढ़ वृत्ति कर अधिनियम, 1995 तथा छत्तीसगढ़ मूल्य संवर्धित कर अधिनियम, 2005 तथा क्रमशः इसमें इसके पश्चात् दर्शाये जाने के प्रयोजन के लिये विभिन्न अधिनियमों के अन्तर्गत उद्गृहित, देय या अधिरोपित कर, ब्याज एवं शास्ति के बकाया के निपटान हेतु एवं उससे संबंधित या आनुषांगिक विषयों का उपबंध करने हेतु एवं लम्बे समय से विवादित न्यायालयीन प्रकरणों के त्वरित निपटान के लिए, जिससे कि उक्त प्रकरणों में शासन के स्थापना एवं अन्य उपगत व्ययों को न्यूनतम किया जा सके एवं साथ ही सुसंगत अधिनियम के अधीन लम्बी अवधि से बकाया राशि, जो कि व्यवसाय बंद होने अथवा अन्य राज्यों में स्थानांतरित होने आदि कारणों से वसूल नहीं किया जा सका है, ऐसे बकाया राशि के निपटान के प्रयोजन से एवं अन्य राज्यों यथा महाराष्ट्र, पश्चिम बंगाल एवं केन्द्र सरकार द्वारा भी ऐसी योजना लागू की गई है, जिसके तारतम्य में साथ ही जुलाई, 2017 से छत्तीसगढ़ मूल्य संवर्धित कर अधिनियम के स्थान पर जीएसटी अधिनियम लागू होने से छत्तीसगढ़ मूल्य संवर्धित कर अधिनियम के अंतर्गत बकाया राशि की वसूली हेतु छत्तीसगढ़ बकाया कर, ब्याज एवं शास्ति के निपटान विधेयक, 2023 प्रस्तावित है। उक्त उद्देश्यों की प्राप्ति के लिये, छत्तीसगढ़ बकाया कर, ब्याज एवं शास्ति के निपटान अधिनियम, 2023 अधिनियमित करना आवश्यक हो गया है।

कांग्रेस विधायक ने जल जीवन मिशन का मुद्दा उठाया

कांग्रेस विधायक अनिता योगेंद्र शर्मा ने उठाया जल जीवन मिशन का मुद्दा उठाया। उन्होंने पीएचई मंत्री रुद्र गुरु से सवाल किया 2021- 22, 2022- 23 जल जीवन मिशन के अंतर्गत रायपुर जिले में कितनी बजट राशि का आवंटन किया गया। कितनी राशि के वर्क आर्डर जारी किए गए। विधानसभावार की जानकारी दें। जवाब में मंत्री रूद्र गुरु ने कहा- जिलेवार बजट का आवंटन नहीं किया जाता। जिले वार खर्च के लिए आहरण सीमा जारी की जाती है। रायपुर जिले में जल जीवन मिशन के तहत 8,32,400 लाख वर्ष 2022- 23 में 17539.60 लाख राशि का आहरण सीमा जारी की गई। कुल 46533.55 लाख के वर्क ऑर्डर जारी किए गए।

भेजरीपदर हिंसा की जांच करने भाजपा ने समिति बनाई

रायपुर/नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश इकाई ने बस्तर के ग्राम भेजरीपदर में घटित घटना के परिप्रेक्ष्य में जांच समिति गठित की है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव ने 06 सदस्यीय इस जांच समिति का गठन करके बताया कि यह समिति संबंधित स्थानों का शीघ्र ही दौरा करके इस घटना से संबंधित तथ्यों का अन्वेषण कर अपना जांच प्रतिवेदन पार्टी को सौंपेगी। साव द्वारा गठित समिति में पूर्व मंत्री ननकीराम कंवर, पूर्व सांसद व अजजा मोर्चा के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष दिनेश कश्यप, पूर्व प्रदेश महामंत्री किरण देव, पूर्व विधायक बैदूराम कश्यप, पूर्व विधायक राजाराम तोड़ेम और प्रदेश कार्यसमिति विशेष आमंत्रित सदस्य शिवनारायण पाण्डेय सम्मिलित किए गए हैं।

चिकित्सा पाठ्यक्रम के संचालन का काम निजी विवि को देना अनेक विसंगतियों को जन्म देगा : डॉ. चोपड़ा

रायपुर/नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी के चिकित्सा प्रकोष्ठ प्रदेश संयोजक डॉ. विमल चोपड़ा ने कहा है कि आयुष विश्वविद्यालय से संबद्ध महाविद्यालयों में चिकित्सा पाठ्यक्रम के संचालन का काम अब निजी विश्वविद्यालयों को दिया जाना अनेक विसंगतियों को जन्म देगा। डॉ. चोपड़ा ने कहा कि आज पैरामेडिकल कोर्स का संचालन निजी विश्वविद्यालयों को सौंपे जाने के बाद भविष्य में संपूर्ण चिकित्सा पाठ्यक्रम के संचालन की मांग निजी विश्वविद्यालय करने लगेंगे जिससे चिकित्सा पाठ्यक्रम के संचालन में विश्वसनीयता का संकट तो उत्पन्न होगा ही, साथ ही निजी विश्वविद्यालयों में इस पाठ्यक्रम के संचालन में गिरावट की आशंकाएँ प्रबल होंगी।

इस संबंध में सोमवार को हुई एक बैठक में डॉ. चोपड़ा ने इस प्रस्ताव का कड़ा विरोध किया। डॉ. चोपड़ा ने कहा कि चिकित्सा से संबंधित पाठ्यक्रम का संचालन आयुष विश्वविद्यालय द्वारा अच्छे ढंग से किया जा रहा है और चूँकि चिकित्सा पाठ्यक्रम स्वास्थ्य से जुड़ा विषय है इसलिए इसमें किसी तरह का प्रयोग करना ठीक नहीं होगा।

प्रदेश सरकार को इस विषय को गंभीरता से लेकर अपने प्रस्ताव पर पुनर्विचार करना चाहिए ताकि आयुष विश्वविद्यालय की गरिमा बरकरार रह सके और स्वार्थी तत्वों के इरादों को नियंत्रित किया जा सके।

न्यूज गैलरी

आयुष्मान पंजीयन कराने कलेक्टर ने दिये निर्देश

कांकेर/नवप्रदेश। कलेक्टर डॉ. प्रियंका शुक्ला ने आज अधिकारियों की बैठक लेकर समय-सीमा में निराकरण पत्रों की समीक्षा करते हुए जिले के सभी लोगों का आयुष्मान पंजीयन सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया है। अंतागढ़ एवं दुर्गूकोंदल विकासखण्ड में आयुष्मान पंजीयन में अपेक्षित प्रगति नहीं होने पर अप्रसन्नता व्यक्त भी उनके द्वारा किया गया, साथ ही इसे सुराजी अभियान से जोड़ने के निर्देश भी दिये गये। सेवानिवृत्त शासकीय सेवकों के पेंशन प्रकरणों को त्वरित गति से निराकृत करने, जिले के सभी गौठानों में गोबर की खरीदी सुनिश्चित करने तथा इसके लिए नोडल अधिकारियों की बैठक लेने के निर्देश अधिकारियों को दिये गये हैं। आवर्ती चराई के गौठानों में भी गोबर खरीदी की मॉनिटरिंग करने के लिए जनपद सीईओ को निर्देशित किया गया। गौठानों में वर्मी कम्पोस्ट का निर्माण तथा उसके विक्रय पर विशेष ध्यान देने के लिए कहा गया। पीडीएस दुकानों एवं आंगनबाड़ी केन्द्रो सहित जनपद पंचायतों द्वारा संचालित सभी निर्माण कार्यों को गुणवत्ता के साथ समय-सीमा के भीतर पूरा करने निर्देश दिये गये। वॉटर शेड के कार्य को भी शीघ्र पूर्ण करने तथा अमृत सरोवर के कार्यों को प्राथमिकता के साथ पूरा करने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया गया है। कलेक्टर द्वारा हाट-बाजार क्लीनिक योजनांतर्गत मरीजों का उपचार की भी समीक्षा की गई एवं अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुमीत अग्रवाल, सभी एसडीएम तथा विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित थे।

31 की रात तक बैंक खोले रखने के निर्देश

कांकेर/नवप्रदेश। कलेक्टर डॉ. प्रियंका शुक्ला ने वित्तीय वर्ष 2022-23 के अंतिम कार्यदिवस 31 मार्च रात्रि तक सभी बैंकों को खुले रखने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने बैंकों में शासकीय लेनेदेन प्रक्रिया सम्पन्न कराने के लिए लीड बैंक मैनेजर को निर्देशित करते हुए कहा है कि जिले के सभी शासकीय व्यावसायिक लेनदेन वाले बैंकों को चालू रखें, ताकि समस्त रोकड़ तथा अदायगी लेनदेन की प्रक्रिया संपन्न किया जा सके। 31 मार्च को ही चालान, ई-चालान के माध्यम से प्राप्त समस्त राशि को शासन के खाते में जमा किया जाना है। उक्त जमा राशि का मिस बैंक स्क्रॉल अगले दिवस संबंधित कोषालय, उपकोषालय को अनिवार्यतः प्रदाय किया जाना सुनिश्चित करें।

मनरेगा मेट संघ ने सौंपा ज्ञापन

नगरी/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ मनरेगा मेट संघ अपनी समस्याओं को लेकर विधानसभा पहुंच कर मुख्य मंत्री को ज्ञापन सौपा गया छत्तीसगढ़ मनरेगा मेट संघ की निम्न समस्याओं पर ज्ञापन सौंपते हुए अपने 6बिंदु के बातों को रखा गया मेट की निम्न समस्याओं का निराकरण जल्द करें क्योंकि पूर्व भारत सरकार द्वारा 2008 मे मनरेगा एक्ट लागु किया गया था जिसमें सम्पूर्ण भारत मजदूर लोगों रोजगार प्राप्त हुआ। जिसमें मजदूर लोगो के जीवन मे नई खुशियाली देखने को मिला अभी वर्तमान मे केंद्र सरकार द्वारा बजट बढ़ाने की बजाय मनरेगा बजट घटा दिया गया है, भारत मे महगाई बढ़ने पर मेट मजदूरों की स्थतिदैनिय हो गया है, भुकतान नहीं होने के बाद भी मनरेगा मेट कार्यरत है, भारत सरकार के द्वारा सभी राज्यों में 75वे वर्षागाठ आजादी की अमृत महोत्सव के ताहत अमृत सरोवर निर्माण छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों मे कार्य करवाने का टारगेट की गईं है, जिसमे अमृत सरोवर तालाब निर्माण को पूरा करने मे अभी वर्तमान में मनरेगा मेट लोगो की कई कठिनाइयों से समास्यो को झेलना पड़ रहा है 2023 से भारत सरकार NMMS (नेशनल मोबाईल मॉनिटरिंग सिस्टम) लागु की गईं है जो काफी परेशानी बढ़ रही है इसे सुधार की आवश्यकता है और छत्तीसगढ़ मनरेगा मेट भुगतान राशि 2 वर्षों तक लंबित भुगतान है उनका जल्द भुगतान कराया जाय बिना कारण के मनरेगा मेट को न निकाला जाय जिसमें प्रमुख रूप से बात को रखते हुए छत्तीसगढ़ की समस्त मनरेगा मेट की हित को देखते हुए प्रदेश अध्यक्ष ने पूरे छत्तीसगढ़ में मनरेगा ऑनलाइन हाजरी होने पर लोगों को समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है पूरे छत्तीसगढ़ में मनरेगा मेट को मोबाइल व इंटरनेट सुविधा प्रदान किया जाए ,जिन पंचायत में रोजगार सहायक का रिक्त पद है प्रशिक्षित मेटो को लिया जाए दो सप्ताह श्रमिक मानव दिवस को महीने में मानव दिवस को बढ़ाया जाय की मांग को लेकर विधानसभा सत्र के दौरान छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री मंत्री शहीत सिहावा विधायक,कोंडागांव विधायक बालोद विधायक, पूर्व मंत्री अजय चंद्राकर सहीत नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल को ज्ञापन सौपा गया जिसमें नारायण चंदेल ने काहा 2वर्षो तक लंबित भुकतान नहीं मिलना यह ठीक नहीं है,मेट संगठन के प्रति विधानसभा मे मुद्दा उठाकर आगे कारवाही हेतु प्रयास करूंगा। जिसमें छत्तीसगढ़ प्रदेश अध्यक्ष डीके यादव प्रदेश संरक्षक मनोहर साहू प्रदेश सचिव ऋषि ध्रुव दुर्ग संभाग से जिला संरक्षक रूपचंद नेहरू धमतरी जिलाध्यक्ष भुवन गायक वार्ड प्रदेश मिडियाप्रभारी रायपुर संभाग राजू साहू असकरण नाग गेंद लाल निर्मलकर ब्लॉक अध्यक्ष कुरुद सहित छत्तीसगढ़ के अलग जिला पदाधिकारी उपस्थित रहे।

नपा अध्यक्ष ने प्रस्तुत किया निकाय के लाभ का बजट

■ संधारण, मरम्मत के साथ समृद्धि, विकास की परिकल्पना से प्रेरित है बजट।

सूरजपुर/नवप्रदेश। नगर के प्रथम नागरिक के के अग्रवाल ने हरे रंग के क्लेवर में बजट की प्रति प्रस्तुत कर समृद्धि विकास और ग्रीन सूरजपुर की परिकल्पना के साथ संधारण व रख-रखाव के लिए कायाकल्प योजना सहित स्वीमिंग पुल, चौपाटी, सौन्दर्यीकरण, सीसी टीव्ही कैमरा, पेयजल व्यवस्था, फुटपाथ निर्माण, सीपीटी निर्माण, महामाया द्वार, वृक्षारोपण सहित विज्ञिन्न प्रावधानों को निहित कर 50 करोड़ के नए प्रस्तावित कार्यों में 40 लाख रूपए बचत का बजट प्रस्तुत करते हुए शॉपिंग कॉम्पलेक्स और दुकान निर्माण से निकाय को आत्मनिर्भर बनाने का दृढ़ संकल्प से परिलक्षित बजट प्रस्तुत किया, जिसे निकाय के जनप्रतिनिधियों ने करतल ध्वनियों से पारित करते हुए मेजें थपथपाई। नए वित्तीय वर्ष के आय-व्यय के लेखा बजट में लगभग 47 नए कार्यों को लिया गया है। जिसमें नपा के द्वारा स्वअर्जित आय से अधिकांश कार्यों को किए जाने के लिए बजट में प्रावधान किया गया। प्रस्तुत बजट में दुकान, शॉपिंग कॉम्पलेक्स, सड़क, नाली, आवास, स्वीमिंग पुल, पेयजल व्यवस्था, सौन्दर्यीकरण, वैक्यूम मशीन, सीपीटी निर्माण, फुटपाथ निर्माण, सामुदायिक व मंगल भवन, मुख्यमंत्री स्वावलंबन योजना, हाईटेक बस स्टैण्ड, विद्युत व्यवस्था, नपा के लिए वाहनों व उपकरण, खेल मैदान कब्रिस्तान, मुक्तिधाम, तालाब, चबूतरा, मंच, प्रतिक्षालय, भवन निर्माण, प्रवेश द्वार, चौक, स्वागत द्वार, चारदीवारी, स्कूलों का मरम्मत, उद्यान निर्माण, आंगनबाड़ी भवन, चौपाटी निर्माण, सफाई उपकरण, घाट निर्माण, स्वच्छ भारत मिशन, रिपा शेड, सीसी टीव्ही कैमरा, कचरा एकत्रिकरण, अत्याधुनिक शौचालय व मूत्रलयों का निमार्ण, जिम, खेल उपकरण, वृक्षारोपण, चौक-चौराहों का निर्माण व महापुरूषों की मुर्तियां, गोधन न्याय योजना, कचरा घरों का निर्माण, स्नानागार, सोखता, कम्प्यूटराईजेशन, डोर-टू-टोर कलेक्शन, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, कृष्णकुंज सहित विभिन्न अन्य प्रस्तावित कार्यों के साथ निकाय के समस्त भवनों, उपकरणों सहित सड़क व नालियों के संधारण को लेकर भी बड़ी बजट राशि का प्रावधान किया है। बजट प्रस्तुत करने के दौरान विधायक प्रतिनिधि सुनील अग्रवाल, अध्यक्ष प्रतिनिधि प्रवेश गोयल, उपाध्यक्ष रितेश गुप्ता, पार्षद संजय डोसी, गैबीनाथ साहू, विरेन्द्र बंसल, मंजूलता गोयल, कुसुमलता राजवाड़े, संतोष सोनी, अजय सिंह, सुरेन्द्र देवांगन, पुष्पलता गिरधारी साहू, पुष्पलता पवन साहू, संजू आनंद सोनी, राम सिंह, राधा मुनि सिंह, सुरेन्द्र देवांगन, अजय सोनवानी सहित एल्डरमैन देवदत्त साहू, त्रिलोक बेहरा, मधुसुदन साहू, मो.इदरिश व मुख्य नगर पालिका अधिकारी बसंत बुनकर, सहायक अभियंता बसंत जायसवाल, उप अभियंता प्रदीप एक्का, अर्चना गुप्ता, नरेन्द्र सिंह, लेखा परीक्षक अनिल सोनवानी, राजस्व प्रभारी एमएल गहरवरिया सहित निकाय के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

नगर के समग्र विकास का है बजट : केके अग्रवाल

बजट प्रस्तुत करने के दौरान नपा अध्यक्ष केके अग्रवाल ने कहा कि नगर के चहूंमुखी विकास का यह बजट नए वित्तीय वर्ष में शहर के विकास के लिए मील का पत्थर साबित होगा। निकाय आत्मनिर्भर होने के साथ नगर के अधोसंरचना विकास के लिए नए आयाम स्थापित करेगी। सड़क, नाली, पुल, भवन के साथ मूलभूत सुविधाओं के लिए बजट में विशेष प्रावधान किये गये हैं।

परिवहन विभाग के जमीन आवंटन को रद्द करने की मांग

■ जमीन आवंटन करने पर सामूहिक इस्तीफा सहित उग्र आंदोलन की चेतावनी

माकड़ीखूना जमीन विवाद

कांकेर/नवप्रदेश। जिला सरपंच संघ कांकेर ने ग्राम पंचायत माकड़ीखूना के जमीन अधिग्रहण को लेकर कलेक्टर से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा गया।

ज्ञापन सौंपने पश्चात सरपंच संघ के पंचूराम नायक सहित बड़ी संख्या में कलेक्ट्रट पहुंचे सरपंचो ने बताया की ग्राम पंचायत माकडीखूना में परिवहन विभाग द्वारा खसरा क्र. 60/1 रकबा 0.58 हे0 में जबरदस्ती जमीन कब्जा किया गया जबकि प्रशासन द्वारा बताया जाता है कि बिना ग्रामसभा बिना पंचायत के सहमति के बगैर कोई जमीन अधिग्रहण ग्राम पंचायत माकड़ी में किया गया है जबकि कानून नियम 2022 धारा 36 का उल्लंघन भूमि अधिग्रहण बिल 2013 की धारा 41 का उल्लंघन कर रहे है इसलिए हमारे सरपंच साथी श्री सुभाष नरेटी ग्राम पंचायत माकड़ीखूना ने अपने पद से त्याग पत्र दिया है। इस पर सरपंच संघ के द्वारा विरोध किया जाता है कि अगर 15 दिन के अंदर इस जमीन का मामला शासकीय भूमि जिला परिवहन कार्यालय का नाम को खारिज नहीं किया जाता तो जिला सरपंच संघ ब्लाक कांकेर के द्वारा सभी सरपंच जिला सामूहिक त्यागपत्र देकर उग्र आंदोलन करने पर बाध्य होगें जिसकी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की रहेगी। इस दौरान बड़ी संख्या में जिले भर के सरपंच संघ उपस्थित रहे। परिवहन विभाग को जमीन आवंटन से नाराज़ माकड़ीखुना सरपंच ने पहले इस्तीफा देने गुहार लगा चुके हैं । बता दें कि ग्राम पंचायत मकड़ीखुना के गांव में ज़िला परिवहन विभाग द्वारा कार्यालय के लिए जमीन आवंटन करने की समस्त प्रक्रिया पूरी कर चुके हैं। इधर सरपंच ने बिना ग्राम पंचायत सहमति प्रस्ताव के बिना जमीन आवंटन करने से नाराज़ होकर ग्राम पंचायत मकडी खुना सरपंच ने इस्तीफा देने अड़ गया । मामला तूल पकड़ता देख ज़िला सरपंच संघ ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर उचित कार्यवाही की मांग किया गया है।

विकास कार्यक्रम 18 से 20 अप्रैल तक

कांकेर/नवप्रदेश। जिला सहकारी संघ मर्या.कांकेर के अध्यक्ष सियो पोटाई ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि राष्ट्रीय सहकारी शिक्षा केंद्र (एनसीसीई) के तत्वावधान में भारतीय राष्ट्रीय सहकारी संघ (एनसीयूआई), नई दिल्ली पर नेतृत्व विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम 18-20 अप्रैल, 2023 तक भारतीय सहकारी समितियों के अध्यक्षों/महिला निदेशकों के लिए तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जाना है। यह सहकारी नेताओं के प्रबंधन कौशल को बढ़ाने के उद्देश्य से एनसीसीई द्वारा संचालित किया जा रहा है। इस तीन दिन के प्रशिक्षण सामाग्री उपलब्ध कराने की व्यवस्था राष्ट्रीय सहकारी संघ नई दिल्ली द्वारा वहन किया जायेगा। अतः कांकेर जिले में कार्यरत सहकारी संस्थाओं के महिलायें इस प्रशिक्षण शिविर का लाभ उठा सकेगें। जिला सहकारी संघ के अध्यक्ष सियो पोटाई ने कहा कि कांकेर से दिल्ली तक आने-जाने की व्यवस्था भी किया जायेगा। एससी/एसटी/ओबीसी महिलाओ को प्राथमिकता दी जायेगी।

ट्रायवल एक्सचेज प्रोग्राम के तहत बीएसएफ ने ग्रामीण युवाओं को कराया शिमला भ्रमण

■ विभिन्न राज्यों के हसीनवादी देखकर गदगद हुए युवा

कांकेर/नवप्रदेश। 14th ट्रायवल एक्सचेज प्रोग्राम को लेकर 12 मार्च से 18 मार्च तक कांकेर एंव नारायणपुर जिलों के दूर दराज गांवो के स्थानिय छात्रों को 14ह्ल्द्ध ट्रायवल एक्सचेज प्रोग्राम 2022-23 के तहत 11 वाहिनी बीएसएफ व 162 वाहिनी बीएसएफ तथा नेहरू युवा केंद्र संगठन के सहयोग से 15 छात्रायें व 15 छात्रों को हिमाचल प्रदेश राज्य के शिमला शहर तथा उसके आस पास के क्षेत्रों में भ्रमण कराया गया जिसमे शामिल है।बाइसरेगल लॉज एंव वोटनिकल गार्डन समर हिल प्रॉसपेक्ट हिल तारा देवी टेम्पल इत्यादि।

इसी के साथ वहा छात्रों को अन्य राज्य के छात्रों के साथ वार्तालाप करने एंव सांस्कृतिक व शिक्षा के वारे मे जानकारी हासिल करने का मौका मिला। 21 मार्च 2023 को इन छात्रों का वापस आगमन हुआ इस दौरान दिनेश कुमार डिप्टी कमांडेंट 11 वाहिनी सीमा सुरक्षा बल बीएसएफने युवाओं से भ्रमण के उपरान्त के अनुभव के वारे में पूछा तब छात्रों ने बहुत ही खुशी और उल्लास के साथ बताया की वे कभी इतने खूबसूरत पर्यटन स्थलों पर पहले नहीं गये थे और उन्हें सीमा सुरक्षा बल बीएसएफतथा नेहरू युवा केंद्र संगठन के सहयोग से पहली बार रेलगाडी में बैठने का मौका व शिमला की सुदंर घाटीयां अदभुत नदीयां एंव अन्य प्रमुख पर्यटक स्थानों पर भ्रमण करने का अवसर प्राप्त हुआ जिसके लिए वे 11 वाहिनी बीएसएफ तथा 162 वाहिनी बीएसएफ के बहुत आभारी हैं। डिप्टी कंमाडेंट ने बताया है कि इस तरह के प्रोग्राम सीमा सुरक्षा बल द्वारा प्रत्येक बर्ष चलाये जाते हैं इसी श्रृंखला में हाल ही में 20 छात्रों एंव छात्राओं के एक ग्रुप को तेंलगाना राज्य के हैदराबाद एंव सिंकदराबाद शहरों का भ्रमण कराया गया था। इस तरह के अवसरों का लाभ आगे भी क्षेत्र के युवाओं को मिलता रहेगा आगे भी क्षेत्र के अन्य छात्रों को भ्रमण के लिए भेजा जायेगा।

क्षतिग्रस्त टेन्टों का मुआयना कर संपति के नुकसान का लिया जायजा

बीजापुर/नवप्रदेश। 18 मार्च शाम को समय लगभग 19.30 बजे 165 बटालियन के सी0आर0पी0एफ0 नवीन कैम्प जैसे कुन्देर तथा बेदरे थाना जगरगुण्डा सुकमा में तेज बारिश/तूफान एवं ओलावृष्टि के कारण जवानों के रहने वाले टेन्ट मे पानी घुस गया तथा मैस स्टोंर एवं सरकारी सम्पति को भारी नुकसान पहुचा है।

मौके पर उपस्थित धर्मेन्द्र कुमार झा कमाण्डेन्ट एवं धन सिंह बिश्ट द्वितीय कमान अधिकारी द्वारा क्षतिग्रस्त हुए टेन्टों को मुआयना किया तथा जान माल व संपति के नुकसान का जायजा लिया। क्षतिग्रस्त संपति के नुकसान को आंकलन कर उसकी सूचना वरिश्ठ अधिकारियों को भी दी गई। कमाण्डेंट द्वारा संबंधित अधिकारियों से मिलकर जवानों के लिए आवश्यक सुविधा उपलब्ध कराने के लिए प्रयास किया गया है।

आज़ादी का अमृत महोत्सव | G20

ऊर्जा दक्षता ब्यूरो

(विद्युत मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन एक सांविधिक निकाय)
चौथा तल, सेवा भवन, आर. के. पुरम, नई दिल्ली – 110066
वेबसाइट: www.beeindia.gov.in दूरभाष: 011-26766700

कृपया ध्यान दें: 14 अधिसूचित क्षेत्रों में ऊर्जा उपयोगकर्ता

ऊर्जा संरक्षण अधिनियम 2001 (2001 का 52) के तहत ऊर्जा खपत की स्थिति पर रिपोर्ट प्रस्तुत करना

निम्नलिखित ऊर्जा गहन क्षेत्रों में ऊर्जा के सभी उपयोगकर्ता / उपयोगकर्ता-वर्ग, जिनकी वार्षिक ऊर्जा खपत निम्नलिखित ऊर्जा गहन क्षेत्रों के विरुद्ध दर्शाई गई विनिर्दिष्ट सीमा से अधिक है, को ऊर्जा संरक्षण अधिनियम (2001 का 52) की धारा 14 के खंड (ई), का.आ.394 (ई) दिनांक 12 मार्च, 2007, का.आ. 3542 (ई) दिनांक 29 दिसंबर, 2015, का.आ.1388(ई) दिनांक 02 मई, 2017 और का.आ. 2147 (अ) दिनांक 17 जून, 2020 का.आ. 3445 (ई) दिनांक 28 सितंबर, 2020, का.आ. 4165 (ई) दिनांक 07 सितंबर, 2022 के तहत नामित उपभोक्ताओं के रूप में अधिसूचित किया गया है।

क्र. सं.	अधिसूचित क्षेत्र	मीट्रिक टन तेल के समतुल्य (एमटीओई) प्रति वर्ष ऊर्जा की न्यूनतम खपत
1.	एल्यूमिनियम	7,500
2.	सीमेंट	
	(क) एकीकृत सीमेंट यूनिट	30,000
	(ख) सीमेंट ग्राइंडिंग यूनिट	10,000
3.	वाणिज्यिक भवन या स्थापनाएं	
	(क) होटल	500
	(ख) हवाई अड्डा	500
4.	क्लोर-अल्कली	12,000
5.	विद्युत वितरण कंपनियां (डिस्कॉम)	एस ई आर सी/जे ई आर सी द्वारा सभी लाइसेंस प्राप्त वितरण कंपनियां
6.	उर्वरक	30,000
7.	लौह और इस्पात	20,000
8.	लुगदी और कागज	20,000
9.	पेट्रोलियम रिफाइनरियां	90,000
10.	पेट्रोरसायन यूनिटें जिनमें गैस क्रैकर या नेफ्था क्रैकर या दोनों शामिल हों	1,00,000
11.	रेलवे	
	(क) सभी जोनल रेलवे (ट्रैक्शन)	70,000
	(ख) कार्यशालाएं	750
	(ग) रेलवे की 8 उत्पादन फैक्टरियां नामतः आईसीएफ आरसीएफ, सीएलडब्ल्यू, बीएलडब्ल्यू पीएलडब्ल्यू आरडब्ल्यूएफ, एमसीएफ और आरडब्ल्यूपी	-
12.	वस्त्र	3,000
13.	थर्मल पॉवर स्टेशन	30,000
14.	पेट्रोकेमिकल विनिर्माण इकाइयां	
	(1)फाइबर इंटरमीडिएट	50,000
	(2) पॉलिमर	10,000
	(3) डिटर्जेंट इंटरमीडिएट	9,000
	(4) परफोर्मेंस प्लास्टिक	3,000
	(5) अन्य पेट्रोकेमिकल उत्पाद	6,000
	(6) सिंथेटिक रबर	15,000
	(7) सुगंध	20,000

केंद्र सरकार द्वारा का.आ.1409(ई) दिनांक 28 मार्च, 2018, का.आ. 1473(ई) दिनांक 29 मार्च, 2019, का.आ. 1254(ई) दिनांक 13 अप्रैल, 2020, का.आ. 4491(ई) दिनांक 26 अक्टूबर, 2021 का.आ. 4552 (ई) दिनांक 26 सितंबर, 2022, को संबंधित नामित एजेंसी को ऊर्जा दक्षता ब्यूरो को एक प्रति के साथ, वार्षिक ऊर्जा खपत की स्थिति पर ऊर्जा प्रबंधक/मुख्य कार्यकारी अधिकारी द्वारा विधिवत प्रमाणित पिछले दो वर्षों अर्थात् 2021.22 और 2022.23 की रिपोर्ट, ऊर्जा संरक्षण अधिनियम 2001 (2001 का 52) की धारा 14 के खंड (ठ) के तहत अधिसूचित प्रपत्र–1 में प्रस्तुत करने का अनुरोध किया जाता है।

आवश्यक क्षेत्र लागू प्रो.फॉर्मा या प्रपत्र.1 की एक प्रति बीईई वेबसाइट: **https://beeindia.gov.in/content/pat-performa** से डाउनलोड की जा सकती है।

यदि कोई व्यक्ति 30 जून, 2023 तक वार्षिक खपत आदि की स्थिति पर रिपोर्ट प्रस्तुत करने में विफल रहता है, तो वह ऊर्जा संरक्षण अधिनियम, 2001 की धारा 26 के तहत दंड का भागी होगा।

अधिक जानकारी/प्रश्न के लिए कृपया हमसे 011.26766700 पर संपर्क करें या **newdc@beeindia.gov.in** पर मेल भेजें।

CBC-34106/12/0024/2223

मिशन निदेशक, एनएमईईई

मुख्यमंत्री द्वारा विश्व वानिकी दिवस पर मुख्यमंत्री वृक्ष संपदा योजना का शुभारंभ

■ बड़े गुडरा ग्राम पंचायत में पौधारोपण कर योजना की शुरुआत

दंतेवाड़ा/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज विश्व वानिकी दिवस के अवसर पर विधानसभा परिसर में स्थित कार्यालय कक्ष से विश्व वानिकी दिवस पर प्रदेश में मुख्यमंत्री वृक्ष संपदा योजना की शुरुआत की। इसी तरह दंतेवाड़ा जिले में भी इस योजना का शुभारंभ विकासखंड कटेकल्याण के ग्राम पंचायत बड़े गुडरा से किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य सुलोचना कर्मा, जनप्रतिनिधियों एवं कलेक्टर विनीत नंदनवार, वनमंडलाधिकारी सागर जाधव, एसडीएम कुमार बिश्वरंजन मौजूद रहे। इस योजना अंतर्गत जिले के लगभग 600 हितग्राहियों का चयन किया गया है, जिनके द्वारा 1400 एकड़ में वृहद स्तर पर वृक्षारोपण किया जाएगा। जिसकी शुरुआत करते हुए

कलेक्टर विनीत नंदनवार ने चंदन के पौधे का रोपण किया साथ ही शहीद महेन्द्र कर्मा तेन्दू पत्ता संग्राहक सामाजिक सुरक्षा योजना के अंतर्गत हितग्राहियों को प्रमाण-पत्र व 2-2 लाख का चेक भी वितरण किया गया। मुख्यमंत्री वृक्ष संपदा योजना प्रारंभ करने का उद्देश्य किसानों की आय में वृद्धि एवं रोजगार सृजन करना है।

इस योजना अंतर्गत किसानों एवं अन्य हितग्राही अपने निजी भूमि पर वाणिज्यिक प्रजातियों के पौधे जैसे- सागौन, बांस, नीलगिरी, चंदन, मालाबार नीम का वृक्षारोपण करना है। योजनांतर्गत रोपित पौधे के रखरखाव हेतु हितग्राहियों के लिए अनुदान राशि का भी प्रावधान रखा गया है। इस योजना से किसानों के आय में वृद्धि के साथ पर्यावरण में सुधार एवं जलवायु परिवर्तन के विपरीत प्रभाव को कम किया जा सकता है। कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य सुलोचना कर्मा ने गोंडी में उद्बोधन करते हुए सभी को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। वनमंडलाधिकारी जाधव ने कहा कि पूरे राज्य में आज इस योजना की शुरुआत की गई।

इस योजना अन्तर्गत विभिन्न प्रजाति के पौधों का रोपण किया जा रहा है पहले लगाए गाय पौधे नेटिव प्रजाति के होते थे जिससे किसानों को लम्बे समय तक इंतजार करना पड़ता था लेकिन अब विभिन्न राज्यों से लाए गए जैसे सागौन, बांस और चंदन के पौधे लाए गए हैं कम समय में ये उत्पादन कर किसान अपनी आय में वृद्धि कर अधिक लाभ अर्जित कर सकते हैं।

न्यूज गैलरी

सर्तकता समिति की बैठक 28 को

बिलासपुर/नवप्रदेश। अनुसूचित जाति एवं जनजाति (अत्यारण निवारण) अधिनियम 1995 के क्रियान्वयन के लिए कलेक्टर श्री सौरभ कुमार की अध्यक्षता में जिला स्तरीय सर्तकता एवं मॉनिटरिंग समिति की बैठक 28 मार्च 2023 को अपरान्ह 4 बजे जिला कार्यालय के मंथन सभाकक्ष में आयोजित की जाएगी। बैठक में अनुसूचित जाति-जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम के तहत वर्ष 2022-23 में दर्ज प्रकरणों के निराकरण की स्थिति सहित अधिनियम के तहत न्यायालय में लंबित प्रकरणों पर चर्चा की जाएगी।

महिलाओं के लिए खेल प्रतियोगिता कल

बिलासपुर/नवप्रदेश। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा जिले में महिलाओं को खेलों के प्रति जागरूक करने विभिन्न खेलों का आयोजन किया जा रहा है। विभाग द्वारा 24 मार्च को स्व. बी.आर.यादव राज्य खेल प्रशिक्षण केंद्र बहतराई में महिलाओं के लिए दो आयु वर्गों में प्रतियोगिता रखी गई है। प्रतियोगिता में 40 से कम आयु वर्ग की महिलाएं कबड्डी, खो-खो, रस्साकस्सी, 100 मी. दौड़, व्हालीबॉल, लम्बीकूद एवं 40 वर्ष से 60 वर्ष तक की आयु वर्ग की महिलाएं रस्साकस्सी, कुर्सी दौड़, मटका फोड़, नींबू दौड़, बलून दौड, 400 मी. पैदल चाल और सुई धागा दौड़ खेल में भाग ले सकेंगी। प्रतियोगिता में भाग लेने इच्छुक प्रतिभागी खेल एवं युवा कल्याण विभाग में अपना पंजीयन करा सकती है। प्रतियोगिता में प्रथम आने वाले प्रतिभागियों को नगद पुरस्कार भी विभाग द्वारा प्रदान किया जाएगा।

आईटीआई के प्रशिक्षणार्थी प्रमाण पत्रों में कर सकेंगे त्रुटि सुधार

बिलासपुर/नवप्रदेश। जिले के शासकीय एवं निजी आईटीआई में सत्र 2014 से 2021 तक अध्ययनरत प्रशिक्षणार्थी अब अपने प्रमाण पत्रों में हुए त्रुटियों जैसे अपना नाम, पिता अथवा माता का नाम, लिंग, आधार, मोबाईल नंबर एवं ईमेल एड्रेस में सुधार एमआईएस पोर्टल पर कर सकते है। इसके लिए पोर्टल में ग्रिवेन्स ऑप्शन की सुविधा उपलब्ध करा दी गई है। ऑनलाईन त्रुटि सुधार के बाद प्रशिक्षणार्थियों को आईटीआई कोनी के जिला नोडल कार्यालय में अपने दस्तावेज प्रस्तुत करने होंगे। यह सुविधा पोर्टल पर ग्रिवेन्स ऑप्शन ओपन रहने तक ही उपलब्ध रहेगी। अधिक जानकारी के लिए जिला नोडल कार्यालय आदर्श औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था कोनी में भी संपर्क कर सकते है।

बेमौसम बारिश से फसलों को हुए नुकसान की जानकारी देने के लिए टोल फ्री नंबर जारी

कोरबा/नवप्रदेश। जिले में विगत दो-तीन दिनोंसे बेमौसम बारिश व अंधड़ से किसानों की उद्यानिकी की खेती को नुकसान हुआ है। जिन कृषकों के द्वारा मौसम आधारित फसल बीमा योजना में अपने फसलों का बीमा कराया गया है, उनके लिए अधिकृत बजाज एलाइंज कंपनी द्वारा बेमौसम बारिश से हुए क्षति की जानकारी हेतु फ्री नं. 1800-209-5959 एवं किसान शिकायत निवारण के लिए टोल फ्री. नंबर 14447 जारी किया गया है। उक्त टोल फ्री नं. में कृषक अपनी उद्यानिकी फसलों की क्षति की जानकारी 72 घंटे के अंदर दे सकते हैं। सहायक संचालक उद्यान कोरबा ने बताया कि जो कृषक फसल बीमा कराने से वंचित रह गए हैं, वे कृषक उद्यानिकी फसलों से हुए क्षति की जानकारी अपने संबंधित विकासखण्ड के उद्यान अधीक्षक शासकीय उद्यान रोपणियों एवं अपने क्षेत्र के ग्रामीण उद्यान विस्तार अधिकारी/प्रक्षेत्र सलाहकार से संपर्क कर भी जानकारी दे सकते हैं। फसल हानि के संबंध में जानकारी देने के लिए उद्यान अधीक्षक संजना बंजारे शासकीय उ. रोपणी पताड़ी कोरबा मो. नं0 7697678999, डी.पी. मिश्रा शा.उ.रोपणी पटियापाली करतला मो.नं. 9907905061, शिवनाथ सिंह पैंकरा शास.उ. रोपणी पंडरीपानी कटघोरा मो. नं. 6266327047, सर्वेशकुमार पटेल शा.उ.रोपणी नगोई पोड़ी-उपरोड़ा मो.नं. 8770947767 तथा अर्जुन सिंह मराबी शा.उ. रोपणी पोड़ीलाफा पाली मो. नं. 9131902927 से संपर्क किया जा सकता है। बेमौसम बारिश से उद्यानिकी फसलों को हुए नुकसान का मुआवजा बीमित एवं अबीमित कृषकों को पात्रता एवं नियमानुसार भुगतान किया जाएगा।

अपर कलेक्टर ने जनचौपाल में सुनी आमजनों की समस्याएं

कोरबा/नवप्रदेश। प्रति मंगलवार को होने वाले जनचौपाल की कड़ी में आज अपर कलेक्टर विजेंद्र पाटले एवं प्रदीप साहू ने कलेक्टोरेट सभा कक्ष में आमजनों की समस्याएं सुनी तथा आवेदनों के त्वरित निराकरण के निर्देश अधिकारियों को दिए। जनचौपाल में आज 159 लोगों ने आवेदन प्रस्तुत किए। जनचौपाल में जनपद पंचायत कोरबा अंतर्गत ग्राम पंचायत बड़गांव के ग्रामीणों ने अकड़हापारा सुरवे में सड़क निर्माण नही होने की जानकारी देते हुए लामपहाड़ से अकड़हापारा तक सड़क निर्माण की मांग की। साथ ही पीने के पानी की समस्या बताते हुए गांव में नल जल योजना के तहत शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने की मांग की। अपर कलेक्टर ने सीईओ जनपद पंचायत कोरबा एवं कार्यपालन अभियंता पीएचई को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार पोड़ी-उपरोड़ा अंतर्गत ग्राम तनेरा निवासी जयसिंह ने उनके पूर्वजों द्वारा 40-45 वर्ष से काबिज भूमि का वनभूमि पट्टा दिलाने की मांग की। अपर कलेक्टर ने उक्त आवेदन पर एसडीएम पोड़ी-उपरोड़ा को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। जन चौपाल में जिला पंचायत सीईओ नूतन कंवर, नगर निगम आयुक्त प्रभाकर पांडेय सहित सभी विभागों के अधिकारीगण मौजूद रहे। जनचौपाल में आज कटघोरा जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम महेशपुर निवासी लीला बाई ने उनके पति के मृत्यु पश्चात् घर की खराब आर्थिक स्थिति का हवाला देते हुए आर्थिक सहायता की मांग की। इसी प्रकार जमनीमुड़ा निवासी पितांबर सिंह ने वृद्धावस्था पेंशन योजना के तहत पेंशन दिलाने एवं धनुहार पारा निवासी लक्ष्मीन केंवट ने गरीबी परिस्थिति के आधार पर आर्थिक सहायता दिलाने के लिए आवेदन प्रस्तुत किया। बिलासपुर निवासी संजना यादव ने हायर सेकेण्डरी स्कूल हरदीबाजार मे पदस्थ रहे उनके पिता के मृत्यु पश्चात् अनुकंपा नियुक्ति की मांग की। आवेदकों द्वारा प्रस्तुत सभी आवेदनों पर अपर कलेक्टर ने संज्ञान लेते हुए आवश्यक कार्यवाही के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किए।

आंबा कार्यकर्ता व सहायिकाओं की होगी भर्ती

दंतेवाड़ा/नवप्रदेश। एकीकृत बाल विकास किरन्दुल अंतर्गत विभिन्न ग्राम पंचायत पोटाली पटेल पारा में एक पद आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं ग्राम हिराली में पटेल पारा-1, पुरंगेल पटेलपारा, ग्राम पंचायत गुमियापाल में बेंगपाल, बड़ेपल्ली स्कूल पारा, आलनार, ग्राम पंचायत बुरगुम में जोगापारा के आंगनबाड़ी केन्द्रों में 1-1 सहायिकाओं के पद रिक्त है। जिसकी भर्ती हेतु आवेदन आमंत्रित किया गया है। आवेदन कार्यालयीन समय में 12 अप्रैल 2023 शाम 5:30 बजे तक सीधे जमा अथवा पंजीकृत डाक द्वारा भेज सकते है। अधिक जानकारी के लिए एकीकृत बाल विकास सेवा परियोजना किरंदुल में सम्पर्क कर सकते है।

700 हितग्राहियों ने 11 सौ एकड़ में वृक्षारोपण के लिए कराया पंजीयन

■ ग्राम लावर में जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन

बिलासपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज विश्व वानिकी दिवस पर विधानसभा परिसर में स्थित कार्यालय कक्ष से राज्य सरकार की महत्वाकांमुख्यमंत्री वृक्ष संपदा योजना का वर्चुअल शुभारंभ किया। जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन मस्तूरी विकासखंड के ग्राम लावर में हुआ। वन विभाग के तत्वाधान में यहां भूमि स्वामी शिव कुमार अग्रवाल की 4 एकड़ निजी भूमि में 640 चंदन के पौधे का रोपण कर योजना का शुभारंभ हुआ। जिले में योजना के तहत अब तक लगभग 700 हितग्राहियों की 1100 एकड़ निजी भूमि का वृक्षारोपण के लिए पंजीयन किया गया है। कार्यक्रम की अध्यक्षता महापौर रामशरण यादव ने की। इस दौरान जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के अध्यक्ष प्रमोद नायक, अरपा विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष अभय नारायण राय, जिला पंचायत सभापति राजेश्वर भार्गव, विजय केशरवानी, बिलासपुर मंडी अध्यक्ष राजेन्द्र शुक्ला, पूर्व विधायक मस्तूरी दिलीप डहरिया, दामोदर कांत, मनोहर कुर्रे, लखन टंडन, कलेक्टर सौरभ कुमार, सीसीएफ राजेश चंदेल, सीसीएफ जगदीशन एस, वनमण्डलाधिकारी कुमार निशांत सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, अधिकारी और ग्रामीण मौजूद थे।

कार्यक्रम में शहीद महेंद्र कर्मा तेंदू पत्ता संग्राहक बीमा सुरक्षा योजना के तहत 4 हितग्राहियों के खाते में 6 लाख 60 हजार रूपये की राशि अंतरित की गई। अतिथियों के द्वारा प्रतीकात्मक रूप से हितग्राहियों को चेक दिया गया। वनमण्डलाधिकारी कुमार निशांत ने योजना के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने योजना का लाभ सभी से उठाने की अपील की। उन्होंने बताया कि जिले में योजना के तहत अब तक लगभग 700 हितग्राहियों की 1100 एकड़ निजी भूमि का वृक्षारोपण के लिए पंजीयन किया गया है। इन हितग्राहियों की भूमि पर लगभग 7 लाख से ज्यादा पौधे चंदन, मेलिया दुबिया, सागौन, नीलगीरी, टिश्यूकल्चर बैम्बू सहित अन्य प्रजाति के लगाए जाएंगे। निशांत ने बताया कि शिव अग्रवाल की 4 एकड़ निजी भूमि पर 640 चंदन के पौधे लगाये जा रहे है। 15 वर्षों के बाद उन्हें लगभग प्रति एकड़ 75 लाख की आय होगी। मंहगाई बढ़ने पर यह आय और बढ़ सकती है। ग्राम लावर के भूमि स्वामी और हितग्राही शिव अग्रवाल ने योजना को फायदेमंद बताते हुए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को इसके लिए धन्यवाद दिया है। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि और अधिकारियों ने पौधरोपण भी किया।

क्या है योजना

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने राज्य में वृक्षों के व्यावसायिक उपयोग को बढ़ावा देने की अपार संभावनाओं को देखते हुए मुख्यमंत्री वृक्ष सम्पदा योजना शुरू की है। इस योजना के अंतर्गत कृषकों की आय बढ़ाने के उद्देश्य से कृषकों की सहमति से उनकी भूमि पर वाणिज्यिक वृक्षारोपण किया जाना है। योजना के अंतर्गत किसान, इच्छुक भूमि स्वामी, शासकीय-अर्धशासकीय एवं शासन के स्वायत्त संस्थान, निजी शिक्षण संस्थाएं, निजी ट्रस्ट, पंचायत तथा भूमि अनुबंध धारक इस योजना का लाभ उठा सकते है। इस योजना के तहत राज्य शासन द्वारा 5 एकड़ तक वृक्षारोपण हेतु 100 प्रतिशत अनुदान तथा 5 एकड़ से अधिक क्षेत्र में वृक्षारोपण हेतु 50 प्रतिशत वित्तीय अनुदान देगी। चिन्हित वृक्ष प्रजातियों की खरीदी हेतु न्यूनतम क्रय मूल्य का निर्धारण भी शासन द्वारा किया जाएगा। जिससे कृषकों को निश्चित आय प्राप्त हो सके। योजना अंतर्गत क्लोनल नीलगीरी, टिश्यू कल्चर बांस, मेलिया दुबिया, सामान्य बांस, सागौन, मालाबार, चंदन, आंवला, खमार, शीशम जैसे आर्थिक लाभ देने वाले पौधों का रोपण किया जाएगा।

स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी स्कूल में विधिक व महिला जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

मुंगेली/नवप्रदेश। स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी विद्यालय दाऊपारा, मुंगेली में जिला न्यायाधीश अरविंद सिन्हा के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सखीं सेंटर एवं लीगल डिफेंस काऊंसिल द्वारा संयुक्त रूप से विधिक एवं महिला जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें हाई एवं हायर सेकेंड्री विभाग के दोनों माध्यम के विद्यार्थियों को विधिक नियमों की विस्तार से जानकारी दी गयी। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती की प्रतिमा में पूजा अर्चना कर माल्यार्पण पश्चात् किया गया। कार्यक्रम में विधिक सेवा प्राधिकरण मुंगेली के सचिव मयंक सोनी द्वारा पीड़िता क्षतिपूर्ति, राहत राशि, विधिक सहायता , पास्को एक्ट, संपत्ति अधिनियम, ट्रैफिक नियम, टोनही प्रताड़ना अधिनियम, संविधान, भारतीय दण्ड संहिता, विवाह के लिए निर्धारित उम्र के संबंध में विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही बाल सुधार गृह, किशोर न्याय बोर्ड के संबंध में भी जानकारी दी गयी। लीगल डिफेंस काऊंसिल चीफएवं एडव्होकेट टीकम चंद्राकर के द्वारा बालिका एवं महिलाओं के अधिकार व ट्रैफिक्र नियम के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी गयी। कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ.आई.पी.यादव ने शाला में कार्यक्रम आयोजन के लिए जिला लीगल टीम मुंगेली का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सभी लोगो को विधि का पर्याप्त ज्ञान होना आवश्यक है, एवं अपने अधिकारों के साथ-साथ अपने मौलिक कर्तव्यों का पालन भी करना चाहिए। कानून की जानकारी होने से अपराध से बचा जा सकता है। कार्यक्रम में पिछले सत्र 2021-22 में हाई स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा में शाला में अंग्रेजी माध्यम में प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थी क्रमशः कु. आकृति उपाध्याय एवं अंकित नायक को तथा हिंदी माध्यम में प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले क्रमशः बिकेश्वर मिरे एवं रिया कुर्रे को गिफ्ट पैक देकर लीगल टीम अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन करते हुए सुनीता दादवानी,सखी वन स्टॉप प्रमुख के द्वारा 181 महिला हेल्प लाईन, महिला एवं बाल विकास तथा महिलाओं के विधिक अधिकार के बारे में आवश्यक जानकारी दी गयी।

स्वास्थ्य परीक्षण और सामग्री वितरण शिविर 5 अप्रैल से

कोरबा/नवप्रदेश। कोरबा कलेक्टर संजीव झा की पहल पर जिले के वरिष्ठ नागरिकों और दिव्यांगजनों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें आवश्यकतानुसार सामग्री वितरण किया जाएगा। जिसके लिए 05 अप्रैल से 14 अप्रैल तक विभिन्न जनपद पंचायतों एवं नगरीय निकायों में शिविर लगाये जाएंगे। कलेक्टर कोरबा द्वारा जारी आदेशानुसार 05 अप्रैल 2023 को जनपद पंचायत पाली एवं नगरीय निकाय पाली के दिव्यांगजनों और वरिष्ठ नागरिकों के लिए मंगल भवन पाली में शिविर लगाया जाएगा। इसी तरह जनपद पंचायत कटघोरा एवं नगरीय निकाय कटघोरा, दीपका एवं छुरीकला के दिव्यांगजनों एवं वरिष्ठ नागरिकों के लिए 08 अप्रैल को सद्भावना भवन कटघोरा में शिविर लगाया जाएगा। इसी तरह जनपद पंचायत करतला के सद्भावना भवन में 09 अप्रैल को, जनपद पंचायत कोरबा के ग्राम पंचायत भवन भैंसमा में 12 अप्रैल को तथा जनपद पंचायत पोड़ी-उपरोड़ा के सद्भावना भवन में 14 अप्रैल को शिविर लगाये जाएंगे।

निजी अस्पतालों के चिकित्सक भी जिला अस्पताल में सिजेरियन प्रसव करा सकेंगे

मुंगेली/नवप्रदेश। जिले में संस्थागत प्रसव को बढ़ाने एवं आपाकालीन स्थिति में गंभीर गर्भवस्था के गर्भवती महिलाओं के सुरक्षित प्रसव हेतु जिला प्रशासन द्वारा जिले के निजी अस्पतालों के विशेषज्ञ चिकित्सक भी जिला अस्पताल मुंगेली में आकर सिजेरियन प्रसव करा सकेंगे। इस हेतु स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिले के निजी क्षेत्र के कुछ विशेषज्ञ चिकित्सकों से अनुबंध किया गया है।

इसी कड़ी में 21 मार्च को जिला अस्पताल मुंगेली में जिले के निजी अस्पताल की स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. एम. भवानी राव ने जिला अस्पताल मुंगेली के एनेस्थिसिया विशेषज्ञ डॉ. राजेश बेलदार एवं अन्य नर्सिंग ओ.टी. स्टॉफ के सहयोग से नर्मदा भास्कर पति रोशन भास्कर, उम्र 30वर्ष एवं व्यास कुर्रे पति रविन्द्र कुर्रे का जिला चिकित्सालय मुंगेली में सिजेरियन प्रसव संपादित कराकर जिले में एक नई परंपरा का आगाज किया।जिले के उर्जावान कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी राहुल देव (आई.ए.एस.) की मंशा रही है कि जिले में गरीब लोगों को आपातकालीन सिजेरियन प्रसव के लिये निजी क्षेत्र के अस्पतालों में भारी रकम व्यय करना पड़ता है, इससे निजात दिलाने ऐसी व्यवस्था किया जाये कि यदि जिला अस्पताल में चिकित्सक उपलब्ध नहीं होने की स्थिति में निजी क्षेत्र के विशेषज्ञ चिकित्क भी जिला अस्पताल मुंगेली में आकर जन सहयोग कर सिजेरियन प्रसव कर सके।

नारी शक्ति सम्मेलन का आयोजन

■ राजीव युवा मितान क्लब द्वारा नारी शक्ति सम्मेलन का आयोजन संपन्न

मुंगेली/नवप्रदेश। राजीव युवा मितान क्लब खेड़ा द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर सोमवार को नारी शक्ति सम्मेलन का आयोजन किया गया. कार्यक्रम का शुभारंभ राजगीत एवं सरस्वती मां की तल चित्र पर माल्यार्पण पश्चात हुआ. कार्यक्रम में आसपास की 10 ग्राम पंचायतों के महिलाओ ने सहभागिता किया. अध्यक्ष राजीव युवा मितान क्लब सूरज शर्मा ने अतिथियों सहित उपस्थित आम जनों को क्लब की गतिविधियों की जानकारी दी. ग्राम खुर्सी स्व सहायता समूह द्वारा कर्मा एवं सुआ नृत्य की प्रस्तुति के माध्यम से अतिथियों का स्वागत किया गया. मुख्य अतिथि अध्यक्ष जिला पंचायत लेखनी चंद्राकर जी ने कहा कि हमारे देश में हमेशा से महिलाओं का उच्च स्थान रहा है. हमारी सरकार द्वारा महिला सशक्तिकरण की दिशा में कदम उठाते हुए मितानिन, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, आंगनबाड़ी सहायिका के मानदेय में वृद्धि किया गया है. विशिष्ट अतिथि उपाध्यक्ष जिला पंचायत संजीत बनर्जी जी ने राजीव युवा मितान क्लब को आयोजन के लिए बधाई दिया. उन्होंने कहा कि हमारे पूरे मुंगेली में राजीव युवा मितान क्लब द्वारा लगातार सामाजिक, सांस्कृतिक, खेल गतिविधियां कराई जा रही है. क्षेत्र की स्व सहायता समूह की महिलाओं को छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा गौठान के माध्यम से आजीविका प्रदान किया जा रहा है. उपाध्यक्ष जनपद पंचायत पवन पांडे जी ने कहां की इस तरह के आयोजनों से महिला सशक्तिकरण की दिशा में सार्थक पहल हो रहा है. सभापति जनपद पंचायत डॉ शिव कुमार बंजारा जी ने महिलाओं के लिए अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की शुरुआत किस प्रकार विश्व में हुई इस पर प्रकाश डाला. कार्यक्रम में विविध क्षेत्रों में सक्रिय रुप से कार्य कर रही महिलाओं को सम्मानित किया गया। जिला प्रशासन कॉल सेंटर मुंगेली मितान द्वारा ग्रामीणों की समस्या को पोर्टल के माध्यम से नोट किया गया। उप स्वास्थ्य केंद्र लिम्हा द्वारा ग्रामीण महिलाओं के स्वास्थ्य की निशुल्क जांच की गई. इस अवसर पर भूपेंद्र शर्मा, विपिन ठाकुर, श्यामा साहू, आराधना तिवारी, जितेंद्र, पुष्पेंद्र, विकास, गोपाल, नरेंद्र, सरिता, ईश्वर, उमेश, माया, धर्मेंद्र, अभिषेक साहू, राजीव युवा मितान क्लब सदस्य गण सहित बड़ी संख्या में आम जन उपस्थित रहे।

एडीएम ने सुनी आम जनता की समस्याएं

■ आज 132 मामलों की हुई सुनवाई

बिलासपुर/नवप्रदेश। कलेक्टर सौरभ कुमार के निर्देश पर जिला कार्यालय में आयोजित साप्ताहिक जनदर्शन में एडीएम आर.ए. कुरूवंशी ने यहां बड़ी संख्या में पहुंचे लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनी। उन्होंने कुछ आवेदनों का जहां जनदर्शन में ही समाधान कर दिया वहीं जांच एवं परीक्षण की जरूरत वाले मामलों को टीएल में पंजीकृत करते हुए संबंधित अधिकारियों को निराकरण के निर्देश दिए गए। जनदर्शन में आज एडीएम ने 132 मामलों की सुनवाई की।

जनदर्शन में आई शहर की महिला समूहों ने एडीएम के समक्ष अपना आवेदन प्रस्तुत कर बताया कि उन्हें नगर पालिक निगम द्वारा मकान आबंटित किया गया था, जिस पर अन्य व्यक्तियों द्वारा बलपूर्वक कब्जा कर लिया गया है। एडीएम ने इस संबंध में नगर निगम आयुक्त को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। सिरगिट्टी निवासी मनहरण प्रसाद साहू ने प्रधानमंत्री रोजगार सृजन योजना के अंतर्गत भारतीय स्टेट बैंक शाखा सिरगिट्टी से ऋण दिलाने के लिए आवेदन दिया। एडीएम ने आवेदन को टीएल में पंजी करते हुए संबंधित अधिकारियों को मामले को सौंपा। कोटा ब्लॉक के ग्राम करवा निवासी मिथिलेश दरके ने विधवा पेंशन दिलाने के लिए आवेदन प्रस्तुत किया। इस मामले को सीईओ जनपद पंचायत कोटा देखेंगे। भेलनाडीह निवासी प्रतापसिंह नेताम ने एन.एच.130 के निर्माण हेतु अधिग्रहण की गई भूमि का मुआवजा नहीं मिलने की शिकायत की और परिवार की आर्थिक स्थिति खराब होने की जानकारी देते हुए मुआवजा राशि दिलाने की मांग की। एडीएम ने इस पर टीएल में पंजी कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

अवैध रेत उत्खनन करने वाले वाहनों पर कार्यवाही

दंतेवाड़ा/नवप्रदेश। जिले में रेत के अवैध उत्खनन और परिवहन पर प्रशासन लगातार कार्यवाही कर रही है। जिसके तहत

तहसीलदार बारसूर के द्वार अवैध रूप से रेत उत्खनन कर परिवहन करने वाले एक टीप्पर (टाटा) वाहन चालक के खिलाफ कार्यवाही की गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार अवैध रेत परिवहन करते पाये जाने पर ग्राम छिंदनार प.ह.न. 03 रा.नि.म. बारसूर तहसील स्थित इंद्रावती नदी से रेत उत्खनन कर अवैध परिवहन में लगे वाहन छोटा टीप्पर वाहन नम्बर सीजी 18 एन. 2640 वाहन चालक गोलू यादव को गुमड़ा से जब्त करते हुए अग्रिम कार्यवाही की गई।

दो दिन से हो रही बारिश ओलावृष्टि से फसलों को भारी नुकसान

मुंगेली/नवप्रदेश। नगर सहित वनांचल व ग्रामीण क्षेत्र में विगत दो दिन से हो रही बेमौसम बारिश ने जहां लोगों का जीवन अस्तव्यस्त कर दिया है, वहीं दूसरी तरफ नगर के विकास की पोल भी खोल दी है। तेज अंधड़ और बारिश के चलते एक तरफ लबे समय तक बिजली गुल की भी शिकायतें सामने आ रही हैं। वहीं दूसरी तरफ देर शाम हुई बारिश और ओला वृष्टि के चलते नगर के कुछ स्थानों में पुराने पेड़ टूटकर गिरने की जानकारियां भी सामने आई बीते 02 दिनो से हो रही बेमौसम तेज हवादार बारिश और ओलावृष्टि ने किसानों की कमर तोड़ कर रख दी है। खेतों में खड़ी फसल और सब्जी का काफी नुकसान हुआ है। किसानों की सारी उम्मीदें टूट गई।रविवार, सोमवार को तेज पानी के बाद मंगलवार की रात की आई आंधी तूफान ने किसानों की बची फसल को भी बर्बाद कर दिया। रात को आई तेज आंधी से नगर सहित आसपास के गांव में बड़े-बड़े विशालकाय वृक्ष धराशाई हो गए, तेज हवा के तूफानों से बिजली के तार टूट कर सड़कों पर गिर गए। तेज बिजली की कंण कन ने लोगों को अपने घरों के अंदर भी सहमने को मजबूर कर दिया।

किसान मजबूत होगा, सहकारिता मजबूत होगी तो प्रदेश मजबूत होगा : प्रमोद नायक

■ जोंधरा को-आपरेटिव बैंक में एटीएम का उद्घाटन

बिलासपुर/नवप्रदेश। जोंधरा को-आपरेटिव बैंक में एटीएम का उद्घाटन करते हुए जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष प्रमोद नायक ने कहा कि प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनने के बाद किसान मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने किसानों को समृद्ध किया, वहीं सहकारी समितियों का विस्तार कर किसानों के लिए समिति के द्वारा खाद ऋण की व्यवस्था की, धान खरीदी की व्यवस्था की, जिससे सहकारिता क्षेत्र मजबूत हुआ, जिस प्रदेश में किसान मजबूत होगा, वहां सहकारिता मजबूत होगी एवं प्रदेश मजबूत होगा। जोंधरा के किसानों से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि पूरे देश में किसान हितैशी सरकार कहीं है, तो छत्तीसगढ़ में है। उन्होंने किसानों से अपील की कि धान की खेती के अलावा भी अन्य फसलों की ओर जिसमें दलहन, तिलहन, रवि महत्वपूर्ण है, उस पर भी ध्यान देना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि मुख्यमंत्री की जो अन्य योजनायें है, बाड़ी लगाना, फलदार वृक्ष लगाना एवं व्यवसायिक वृक्ष लगाने की ओर किसानों को अग्रसर होना चाहिए। आज से प्रारम्भ हुई मुख्यमंत्री वृक्ष सम्पदा योजना की भी उन्होंने तारिफ की।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए अरपा विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष एवं प्रदेश प्रवक्ता अभय नारायण राय ने मुख्यमंत्री एवं छत्तीसगढ़ शासन की किसानों के लिए चल रही कृषि विभाग, वन विभाग, उद्यानिकी विभाग की योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी और किसानों से योजनाओं का लाभ लेने का निवेदन किया। अभय नारायण राय ने कहा कि छत्तीसगढ़ एवं किसान के विकास हेतु हम सभी लोग 2023 में पुनः मुख्यमंत्री भूपेश बघेल एवं कांग्रेस की सरकार बनाने का संकल्प लें। देश में भी 2024 में सर्वांगीण विकास हेतु कांग्रेस की सरकार बनाने की अपील की।

कार्यक्रम को पूर्व विधायक दिलीप लहरिया एवं जिला पंचायत सभापति राजेश्वर भार्गव ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर जोन्धरा में एटीएम उद्घाटन के अवसर पर जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित बिलासपुर के अध्यक्ष प्रमोद नायक मुख्य अतिथि, अति विशिष्ट अतिथि विशिष्ट अतिथि अरपा विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष अभय नारायण राय पूर्व विधायक मस्तूरी दिलीप लहरिया, जिला पंचायत सभापति राजेश्वर भार्गव एवं दिनेश शर्मा टंडन नोडल अधिकारी आशीष दुबे शाखा प्रबंधक जोन्धरा दीपक तिवारी गंगाराम सेन स्वच्छ विजय कुमार एवं समिति के समिति प्रबंधक क्षेत्र से अन्य गणमान्य नागरिको की उपस्थिति में जोंधरा एटीएम का उद्घाटन किया गया।

स्वास्थ्य केंद्रों में प्रदान करें नल कनेक्शन : कलेक्टर

कोरबा/नवप्रदेश। कलेक्टर संजीव झा की अध्यक्षता में आज जल जीवन मिशन के अंतर्गत गठित जिला जल एवं स्वच्छता मिशन की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में कलेक्टर झा ने जल जीवन मिशन के अंतर्गत रेट्रोफिटिंग, ऑनलाईन निविदाओ, निविदाओं की स्थिति, पाईप लाईन के माध्यम से हर घर जल और पेयजल स्त्रोतो से जल नमूनों के परीक्षण आदि के संबंध में जानकारी ली। कलेक्टर ने बैठक में कहा कि जल जीवन मिशन का उद्देश्य हर घर में नल के माध्यम से पीने का साफपानी पहुंचाना है। उन्होंने जिले में चल रहे जल जीवन मिशन के कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिये। साथ ही जिले के सभी स्कूलों, आंगनबाड़ी, अस्पतालों सहित गांवों में पीने के साफ पानी उपलब्ध कराने के लिए नल कनेक्शन के काम को भी तेजी से पूरा करने के निर्देश दिए।

न्यूज गैलरी

विश्व वानिकी दिवस मनाया

जगदलपुर/नवप्रदेश। शासकीय उच्चतर मा. शाला कन्या क्र. 2 में विश्व वानिकी दिवस मनाया गया। इस दौरान ईको क्लब इंद्रावती एवं युवा युथ के सदस्य एवं प्राचार्या सुधा परमार के मार्गदर्शन में शाला प्रबंधन द्वारा विश्व वानिकी दिवस पर पर्यावरण की सुरक्षा और वनों की वृहद कटाई को लेकर उनसे मानव जीवन पर होने वाले प्रभाव को विस्तार से जानकारी दी गयी।

शाला की व्याख्याता परमजीत कौर ने ओषधियों के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि वन से हमें ऑक्सीजन मिलता है जो हमारे शरीर को स्वास्थ्य और मजबुती प्रदान करती है। शाला की छात्रा कुमारी अपेक्षा, नव्या एवं कल्याणी ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए हर साल दस पौधा लगाने का संकल्प लिए। इस अवसर पर पर्यावरण प्रभारी शुभद्रा राव सहित शाला परिवार के शिक्षक, शिक्षिकाएं सहित छात्राएं उपस्थित रहीं।

पंचायत सचिव संघ की अनिश्चितकालीन हड़ताल

जगदलपुर/बास्तानार/नवप्रदेश। ब्लॉक मुख्यालय के ग्राम किलेपाल जनपद पंचायत कार्यालय के सामने पंचायत सचिव संघ की अनिश्चितकालीन कलमबंद हड़ताल 16 मार्च से जारी है। जिसके कारण ग्राम पंचायत कार्यालयों में काम ठप्प है और ग्रामीणों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

सचिव संघ के पदाधिकारियों ने बताया कि छ.ग. के विभिन्न ग्राम पंचायत में कार्यरत पंचायत सचिवों को बजट 2023-24 में शासकीयकरण करने का पंचायत मंत्री द्वारा आश्वासन दिया गया था, किन्तु बजट में पंचायत सचिवों का शासकीयकरण नहीं होने से समस्त पंचायत सचिवों में रोष व्याप्त है। छ.ग. पंचायत सचिव संघ के प्रांतीय आव्हान के अनुसार ग्राम पंचायत के सचिवों के एक सूत्रीय मांग परीवीक्षा अवधि पश्चात शासकीयकरण नहीं की किया गया। जिसके कारण जिले के समस्त ग्राम पंचायत सचिव 16 मार्च से ब्लॉक मुख्यालयों में काम बंद, कलम बंद कर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर बैठे हैं ।

जिला न्यायाधीश ने विधिक सेवा के पैनल अधिवक्ताओं की ली बैठक

कोण्डागांव/नवप्रदेश। जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोंडागांव उत्तरा कुमार कश्यप की अध्यक्षता में जिले के निःशुल्क पैनल अधिवक्ताओं की मासिक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें पैनल अधिवक्ताओं से जिला न्यायाधीश एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अम्बा शाह द्वारा दी जा रही निःशुल्क विधिक सहायता योजना के प्रभावी ढंग से क्रियान्वयन पर चर्चा की गयी साथ ही विधिक सेवा योजनांतर्गत आयोजित जागरूकता कार्यक्रमों में भी सभी को सक्रिय योगदान प्रदान करने हेतु कहा गया कि न्याय सबके लिए पर केन्द्रीत विभिन्न शासकीय कल्याणकारी योजनाओं के प्रचार.प्रसार में भी सहभागिता निभानेए पीड़ित व्यक्तियों को निःशुल्क कानूनी सलाह एवं विधिक सहायता पहुंचाने तथा विधिक सहायता के प्रकरणों में उत्पन्न होने वाली समस्याओं पर भी चर्चा कर इसके बेहतर क्रियान्वयन पर जोर दिया गया। इस बैठक में पैनल अधिवक्ता सुरेन्द्र भट्टए नरेश नाईकए दीपक ठाकुरए संजय शार्दुलए निपेन्द्र मिश्राए सारंगधर कौशिकए प्रशांत दत्ताए वलय राहाए रजनीश दुबेए निशांत दत्ताए मदन हलधरए निशा वासनिकर उपस्थित रहे।

शिक्षकों ने सिखा शाला सुरक्षा एवं क्षमता के गुण

कोण्डागांव/नवप्रदेश। जिले के विकास खंड माकड़ी में दो दिवसीय शाला सुरक्षा एव क्षमता विकास के लिए शिक्षक प्रशिक्षण का आयोजन किया गया जिसमे विकासखंड के प्र्थामिक एमाध्यमिक हाई व् हायर सेकेंडरी सहित कुल 376 स्कूलों को दो भाग में बाट कर प्रथम चरण में 189 शालाओं के एक एक शिक्षक प्रशिक्षण में सम्मिलित रहे जिन्हें मास्टर ट्रेनर्स देवव्रत मरकाम एरोसन सोनी एपुरषोत्तम पोयाम एकीर्तन धुर्व एमानस मंडल संतोष प्रधान द्वारा मुख्य मंत्री शाला सुरक्षा एवं क्षमता विकास के उद्देश्य व् लक्ष्य के बारे में जानकारी देते हुए बताया गया की यदि बच्चे को चोट लगाने व् सर्पदंश के स्थिति में पहचान कर तुरंत उपाय करने के बारे में जानकारी के साथ मौसम व् माह के अनुसार होने वाले आपदा से बचने के उपाय बताये गये ।

CHHATTISGARH STATE POWER GENERATION CO. LTD.
(A Govt. of Chhattisgarh Undertaking) CIN: U40108CT2003SGC015821
NO.021-10/PUBLICATION/1150 Korba West, dtd. 21.03.2023
e-Bidding TENDER NOTICE No. 1213/2023.
Online tenders are invited from Experienced & Prospective Firms for the following Work/Supply:

S. No	Rfx No.	Particulars	Cost of tender doc.	E.M.D. (Rs.)	Last date of submission & opening
1.	Rfx No. 8100030433	Deployment of ITI Operators at WS&G at CHP: INT: OPRN, HTPS, Korba West.	590/-	6,515/-	11.04.2023
2.	Rfx No. 8100030434	Daily Cleaning work of Boiler Structure and Boiler House of Unit No. 3 & 4 at PH-II, HTPS, Korba West.	590/-	6,835/-	11.04.2023
3.	Rfx No. 8100030435	COH Package of ESP of 210 MW, ABL make Boiler of Unit No. 3, HTPS, KWB.	590/-	13,600/-	12.04.2023

NOTE: - 1. Payment of Tender cost & EMD shall be done online through e-bidding portal. The tender documents can be seen from our website www.cspc.co.in– e-Bidding. 2. Quantity as per tender schedule
S.-36029/2
SUPERINTENDING ENGINEER (C-I)
O/o THE ADDL. CHIEF ENGINEER (S&P)
HTPS, CSPGCL, KORBA WEST
SAVE ENERGY FOR THE BENEFIT OF SELF & NATION

प्रधानमंत्री मुद्रा लोन के नाम पर ठगी, 2 ठगबाज गिरफ्तार

■ **रॉयल बैंक ऑफस्कॉटलैंड के अधीन प्रधानमंत्री मुद्रा लोन के नाम ठगी**

कांकेर/नवप्रदेश। पुलिस अधीक्षक शलभ कुमार सिन्हा के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अविनाश ठाकुर एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस मोहसिन खान के पर्यवेक्षण में थाना कांकेर पुलिस द्वारा रॉयल बैंक ऑफ स्कॉटलैंड के अधीन प्रधानमंत्री मुद्रा लोन दिलाने के नाम पर लोगों को झूठी एवं भ्रामक जानकारी देकर धोखाधड़ी करने वाले 2 आरोपीगण को उड़ीसा से गिरफ्तार किया है मामले का विवरण इस प्रकार है कि थाना कांकेर में शिकायत प्राप्त हुई थी कि रॉयल बैंक आफ स्कॉटलैंड के अधिक प्रधानमंत्री मुद्रा लोन के अंतर्गत लोन कार्य कराने हेतु फॉर्म उपलब्ध कराए गए थे उक्त योजना में आरोपियों ने प्रोसेसिंग चार्ज के नाम पर 319 रूपय प्रति व्यक्ति के दर से लिया था, कांकेर जिला प्रभारी राधेश्याम भट्ट एवं विजय बेहरा द्वारा माह जनवरी 2022 में प्रोसेसिंग शुल्क लिए जाने के उपरांत भी हितग्राहियों को लोन की राशि प्राप्त नहीं हुई है आरोपी गढ़ हितग्राहियों को लोन के संबंध में गोलमोल जवाब दे रहे थे,थाना कांकेर पुलिस द्वारा प्राप्त शिकायत आवेदन की जांच किया गया जांच में रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया से रॉयल बैंक ऑफ स्कॉटलैंड के संबंध में जानकारी प्राप्त किया गया आरबीआई लीड बैंक से प्राप्त जानकारी यह ज्ञात हुआ कि रॉयल बैंक आफ स्कॉटलैंड के संबंध में नैटवेस्ट मार्केट पीएलसी द्वारा जनता को आगाह किया गया है कि रॉयल बैंक ऑफ स्कॉटलैंड प्रधानमंत्री मुद्रा योजना से किसी भी प्रकार का कोई संबंध नहीं है तथा इस कार्य हेतु बैंक द्वारा किसी भी व्यक्ति को अधिकृत नहीं किया गया है जांच में यह पाया गया कि रॉयल बैंक ऑफ स्कॉटलैंड प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के अंतर्गत राधेश्याम भट्ट एवं विजय कुमार बेहरा द्वारा एक राय होकर छल पूर्वक लोगों को लोन दिलाने के संबंध में झूठी एवं भ्रामक जानकारी देकर प्रवचन आकर प्रति व्यक्ति 319 रूपय के दर से कांकेर के कुल नौ हितग्राहियों से कुल 2871 रुपया धोखाधड़ी किया गया है जांच पर थाना कांकेर में अंतर्गत धारा 419,420 भादवी अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया था विवेचना के दौरान जानकारी प्राप्त हुआ की घटना में संलिप्त आरोपीगण घटना के बाद उड़ीसा राज्य में रहे हैं। आरोपियों की पतासाजी हेतु वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में थाना कांकेर से पुलिस टीम जिला कोरापुट उड़ीसा भेजी गई थी थाना कांकेर की पुलिस टीम द्वारा कोरापुट उड़ीसा में पतासाजी के दौरान आरोपी विजय कुमार बेहरा पिता किशोरचंद्र बहरा उम्र 41 वर्ष निवासी बस्तंबा थाना कोरापुट जिला कोरापुट उड़ीसा एवं राधेश्याम भाट पिता राम भट्ट उम्र 52 वर्ष निवासी घटकचोरा को कोरापुट उड़ीसा से 22 मार्च 23 को गिरफ्तार किया गया गिरफ्तार किए गए दोनों आरोपियों को न्यायिक रिमांड में भेजा गया है।

गोंडी का मानक शब्दकोश बनाने बीजापुर में शुरू हुई अनोखी पहल

बीजापुर/नवप्रदेश। राज्य परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा छग के दिशा निर्देशानुसार, कलेक्टर एवं जिला मिशन संचालक समग्र शिक्षा राजेंद्र कटारा के मार्गदर्शन में गोंडी का मानक शब्दकोश कार्यशाला डाइट बीजापुर के प्रशिक्षण हाल में डीईओ, सहायक आयुक्त, डीएमसी, एपीसी पेड़ागाजी एवं आगंतुक गणमान्य गोंडी विशेषज्ञों की उपस्थिति में कार्यक्रम का शुभारंभ 15 मार्च 2023 को हुआ।

गोंडी देश के कम से कम 6 प्रदेशों में बोली जाती है जिसमें छग भी एक है। छग सरकार ने एक प्रयास शुरू किया है कि इन सभी प्रदेशों में बोली जाने वाली गोंडी की विभिन्न बोलियों को मिलाकर एक मानक गोंडी का निर्माण किया जाए जिससे गोंडी आठवीं अनुसूची में शामिल हो सके और गोंडी में प्रशासन, क़ानून, शिक्षा और पत्रकारिता जैसे काम हो सकें। इस काम के लिए पहली कार्यशाला बीजापुर ज़िले में 15 से 17 मार्च तक आयोजित हुई।

इस कार्यशाला में राज्य सरकार ने सभी 6 प्रदेशों से गोंडी के विशेषज्ञों को आमंत्रित किया था जहां अभी भी गोंडी बोली जाती है। इस कार्य में बीजापुर ज़िले के 30 शिक्षकों ने सक्रिय भागीदारी की जिन्होंने 6 प्रदेशों से आए 45 गोंडी विशेषज्ञों के साथ मिलकर इस कार्य हेतु विशेष रूप से बनाए गए मोबाइल ऐप से विभिन्न प्रदेशों में बोली जाने वाली गोंडी बोलियों से समानार्थी शब्द इकट्ठा किए गए।

ऐसी ही कार्यशालाएँ अब दंतेवाड़ा, नारायणपुर और कांकेर ज़िले में भी आयोजित की जाएँगी, जहां स्थानीय शिक्षकों और बाहर से आए गोंडी विशेषज्ञों की मदद से और गोंडी के समानार्थी शब्द इकट्ठे किए जाएँगे। उसके बाद माह के अंत में यह 6 प्रदेशों के गोंडी विशेषज्ञ रविशंकर विश्वविद्यालय रायपुर में 27 से 31 मार्च के बीच इकट्ठा होकर इन समानार्थी गोंडी शब्दों से मानक गोंडी डिक्शनरी बनाने का प्रयास करेंगे।

बीजापुर ज़िले के शिक्षा विभाग के सहायक परियोजना अधिकारी एटला वेंकट रमन ने बताया, गोंडी को एक समृद्ध भाषा बनाने के लिए राज्य शासन में एक बड़ा प्रयास शुरू किया है जिसे गोंडी बोले जाने वाले किसी अन्य प्रदेश ने अब तक शुरू नहीं किया। हमें आशा है कि इस प्रयास के बाद गोंडी एक उन्नत भाषा बन सकेगी। यद्यपि यह एक बड़ा और लम्बा काम है जिसमें अभी काफ़ी वक्त लगेगा।

राज्य सरकार यह काम स्वयंसेवी संस्था सीजीनेट स्वर फाउंडेशन के साथ कर रही

संस्था के प्रमुख शुभ्रांशु चौधरी ने बताया गोंड आदिवासी छग के सबसे बड़े आदिवासी समूह हैं। आज उत्तर छग के आदिवासी इलाक़ों में गोंडी भाषा विलुप्ति की ओर जा रहा हैं जहां गोंड आदिवासियों में गोंडी को उनके इलाक़े में पुनर्जीवित करने के लिए ख़ासा उत्साह है और वे राज्य सरकार की इस पहल को बहुत आशा भरी नज़र से देख रहे हैं।

बच्चों को बताया जल का महत्व

बीजापुर/नवप्रदेश। जिला बीजापुर में वर्ल्ड विज़न इंडिया युनीसेफ से पदस्थ जिला समन्वयक के द्वारा भोपालपट्नम ब्लॉक में उपस्थित सीएसी हरीश उप्पल के साथ स्कूलो में जाकर आज विश्व जल दिवस के अवसर पर जिला कलेक्टर श्री राजेंद्र कुमार कटारा के निर्देशानुसार जिन कक्षाओं को स्मार्ट कक्षा के रूप में विकसित किया गया है उन कक्षाओं में जाकर सभी बच्चो को विडियो के माध्यम से जल की महत्वपूर्णता को समझाते हुए बच्चो पानी बचाने, पानी का सही उपयोग, अपशिष्ट जल प्रबंधन के बारे में जानकारी दी गई , साथ ही जिसमे विश्व जल दिवस के अवसर पर हम सभी को जल संरक्षण की जरूरत को समझना चाहिए और जल संचय को अपनी जिंदगी का हिस्सा बनाना चाहिए। स्मार्ट कक्षा होने से सभी बच्चो को स्मार्ट तरीके से विश्व जल दिवस मनाया गया जिसमे बच्चो ने भी कहा की हर शनिवार बैग लेस डे के दिन कुछ ऐसे ही अच्छे विषयो के बारे में सीखेंगे और अपने शाला में सकारात्मक रूप से अमल करेंगे।

32 हाथियों का दल डेरा जमा कर बैठा, ग्रामीणों में दहशत

नगरी/नवप्रदेश। 32 सिकासेर हाथी दल 2 दिनों से पंचायत ठेन्ही के पास डेरा जमा कर बैठा है साथ ही रात्रि में गांव के पास पहुंचकर कर फसल बर्बाद कर रहा 32 हाथी दल का हाथी आतंक बढ़ता जा रहा है पहले दिन में मोती लाल कश्यप और संतोष कश्यप के घर के बाड़ी में घुस गया है पूरा तर घेराव को तहस नहस कर दिया है। दूसरे दिन झोपड़ी व किसानों का फसल को बर्बाद विघाचरण कश्यप, सतन भंडारी, जितेंद्र बोरझा, हजारी लाल कश्यप सभी की फसल को चौपट कर दिया किसानों ने मौजा की मांग की है साथ सुबह परिक्षेत्र आरसीकनर के 196 दिखाई दिया जिसमें अलर्टग्राम–बासीन, अर्जुनी, तुमरीबहार, गाताभरी, बेलरबाहरा दैडपडरीपानी घोरागांव ठेनही गोबरा गांव के लोगों को बुनियादी के द्वारा अलर्ट कराया गया सात जिसमें निगरानी के लिए उन कर्मी को लगाया गया जिसमें ट्रैकिंग दल अग्नि प्रहरी एवं हाथी निगरानी दल निकटतम ग्रामीणों को सचेत करें । वनों में न जाएं, हाथी के समीप जा कर फोटो लेना मना है। रात्रि के समय जंगल रास्तों से न गुजरें, गुलेल पत्थर से हाथियों को न मारें, फसल हानि प्रकरण शीघ्र तैयार कर अग्रिम कार्यवाही हेतु प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें। जन धन की हानि न तो अर्सिकनहार उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व गरियाबंद सुचना देवे।

मुख्यमंत्री ने किया वृक्ष संपदा योजना का वर्चुअल शुभारंभ

कोण्डागांव/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा विश्व वानिकी दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री वृक्ष सम्पदा योजना का वर्चुअल शुभारंभ किया गया।उन्होंने इस मौके पर उक्त योजना से लाभान्वित होनेवाले हितग्राहियों से चर्चा करते हुए आय संवृद्धि सहित पर्यावरण संरक्षणए जलसंरक्षण तथा मृदा स्वास्थ्य की दिशा में सक्रिय सहभागिता निभाने के लिए उन्हें बधाई दी। मुख्यमंत्री वृक्ष सम्पदा योजनान्तर्गत जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन कोण्डागांव विकासखंड के ग्राम पंचायत कुसमा मेंकियागया। योजना के शुभारंभ अवसर पर ग्राम कुसमा में क्षेत्र के विभिन्न जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों. कर्मचारियों सहित ग्रामीणों द्वारा हितग्राही रगनी मरकाम के साढ़े 3 एकड़ क्षेत्र में टिशूकल्चर सागौन का पौधरोपण किया गया। हितग्राही रगनी मरकाम के साढ़े 3 एकड़ क्षेत्र में875नग टिशू कल्चर सागौन लगाया गया है। कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने सभी प्रदेशवासियों को मुख्यमंत्री वृक्ष सम्पदा योजना के शुभारम्भ की बधाई और शुभकामनाएंदी। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ के जंगल और जैव विविधता हमारी पहचान है। हम पर्यावरण एवंवनों को बचा रहे हैं और इस दिशा में हमारी सरकार द्वारा लगातार कार्य किया जा रहा है। जिले के कोण्डागांव वनमण्डल के अंतर्गत विश्व वानिकी दिवस पर मुख्यमंत्री वृक्षसम्पदा योजनांतर्गत 106 हितग्राहियों के 90ण35 एकड़ रकबा में टिश्यू कल्चर सागौन एवं बांस के कुल 23310 पौधे रोपित किये गये। वहीं मुख्यमंत्री वृक्ष सम्पदा योजनांतर्गत सिंचित पौध रोपण करने वाले 106हितग्राहियों को अनुदान सहायता राशि का चेक प्रदान किया गया। इस मौके पर अवगत कराया गया कि उत्तर कोण्डागांव वनमण्डल के अंतर्गत मुख्यमंत्री वृक्ष सम्पदा योजना में अब तक कुल 702 हितग्राहियों के 850ण85 एकड़ रकबा में विभिन्न प्रजाति के 6 लाख 29 हजार 723 पौधेरोपित किये जाने पंजीयन किया गया है। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्री देवचन्द मातलाम जनपद पंचायत अध्यक्ष शिवलाल मण्डावी जनपद पंचायत उपाध्यक्ष मनोज सेठिया जिला वनोपज सहकारी यूनियन के अध्यक्ष धनसूराम नेताम सहित क्षेत्र के जनप्रतिनिधी और डीएफओ आर के जांगड़े तथा वन विभाग के अधिकारी, कर्मचारी सहित ग्रामीण मौजूद थे!

प्रथम पृष्ठ का शेष...

दो दिवसीय दौरे पर ....

को संबोधित करेंगे। तीन घंटों के कार्यक्रम में सीआरपीएफ महिला कमांडो के साथ ही बस्तर में तैनात सीआरपीएफ के जवान भी बस्तर में किस तरह से नक्सलियों से लोहा ले रहे हैं इसका डेमो प्रदर्शन भी करेंगे, जिसके बाद गृहमंत्री 25 मार्च को सुबह साढ़े 11 बजे जगदलपुर एयरपोर्ट से नागपुर के लिए रवाना होंगे।

पत्रलेखन प्रतियोगिता में अतुफा सलमान प्रथम

कोण्डागांव/नवप्रदेश। भारतीय डाक विभाग द्वारा बच्चो एवं युवा संवर्ग के लिये राष्ट्रीय स्तर पर ढाई आखर पत्रलेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था । इस प्रतियोगिता मे छत्तीसगढ परिमंडल स्तर पर बस्तर संभाग से अतुफा सलमान सिद्दीकीए विवेकानंद वार्ड हाटकचोरा जगदलपुर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया गया जिन्हें डाक विभाग द्वारा प्रथम पुरस्कार स्वरूप 25000 रु. का चेक एवं प्रशस्ति पत्र श्री एचएन शर्मा अधीक्षक डाकघर बस्तर संभाग जगदलपुर द्वारा प्रदान किया गया वन्ही रिदा सलमान सिद्दीकी द्वारा उक्त प्रतियोगिता मे द्वितीय स्थान प्राप्त किया गया जिन्हें 10000 रु का चेक एवं प्रशस्ति पत्र उनके पिता मोण्सलमान सिद्दीकी को प्रदान किया गया । बस्तर संभाग की बेटियों ने परिमंडल एवं राष्ट्रीय स्तर पर बस्तर को गौरवान्वित किया है एवं बस्तर संभाग का नाम पूरे भारतवर्ष मे रौशन किये जाने पर डाक अधीक्षक ने उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए बधाई दी।

न्यायालय तहसीलदार, केशकाल जिला कोण्डागांव छ.ग.
रा.मा.क्र./ 202303200100003 / ब-121 / 2022-23

उद्घोषणा

साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक मोहम्मद शगीर पिता मोहम्मद फारूख जाति मुसलमान निवासी ग्राम मस्जिदगली केशकाल जिला कोण्डागांव छ.ग. द्वारा कलेक्टर महोदय जिला कोण्डागांव में आवेदन प्रस्तुत किया है कि ग्राम केशकाल प.ह.नं. 17 केशकाल रा.नि.मं. केशकाल तहसील केशकाल स्थित खाते की भूमि खसरा नं. 127/2 रकबा 0.279 हे. भूमि आवेदक के नाम पर दर्ज है। में से 0.60 एकड़ भूमि शासकीय तालाब जलमग्न भूमि व मेड़ में शामिल हो गया है। आवेदक द्वारा शासकीय भूमि खसरा नंबर 124 रकबा 1.9100 हे. मे से 0.20 एकड़ भूमि पर अतिक्रमण कर कब्जा कर लिया है। उक्त भूमि को राजस्व पुस्तक परिपत्र खण्ड 4 क्रमांक 3 की कण्डिका 20 के अनुक्रम में अदला-बदली किए जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उक्त प्रकरण जांच प्रतिवेदन हेतु इस न्यायालय में प्राप्त हुआ है। इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को दावा आपत्ति हो तो प्रकरण सुनवाई दिनांक 29/03/2023 तक स्वयं या अपने अधिवक्ता के द्वारा अपना दावा/आपत्ति पेश कर सकता है। समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 15/03/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुद्रा से जारी।

सील
तहसीलदार
केशकाल

कार्यालय कार्यपालन अभियंता ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग बैकुण्ठपुर जिला -कोरिया (छ.ग.)
दूरभाष 107836-232255, ई-मेल- ee-res.baikunthpur@nic.in -
'' निविदा आमंत्रण सूचना वर्ष 2022-23 ''
ज्ञापन क्र. 564/ वलेस/ग्रा.या.से./2022-23 बैकुण्ठपुर, दिनांक 17/03/2023

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल की ओर से एकीकृत पंजियन प्रणाली के अंतर्गत लोक निर्माण विभाग छ.ग. में ''डी'' एवं उच्च श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग बैकुण्ठपुर के अन्तर्गत निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु प्रतिशत दर पर निविदा आमंत्रित की जाती है :-

क्र.	कार्य का नाम	निविदा की अनुमानित लागत (लाख में)	निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि
1	2	3	4
03	उप स्वास्थ्य केन्द्र मुर्किल, बड़वाही, बड़गावखुर्द, जुईली, डोम्हरा और मैनपुर ज. पं. भरतपुर। (द्वितिय निविदा) (टेण्डर नम्बर 127565)	19.67 लाख	24.03.2023
02	अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य बालक छात्रावास तेलाईमुड़ा सोनहत (टेण्डर नम्बर 127564)	7.04 लाख	28.03.2023

उपरोक्त निर्माण कार्य की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि विस्तृत (परिशिष्ठ 2.10 एवं 213) निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज विभागीय वेबसाइड http://https://res.cg.gov.in/ अथवा https://eproc.cgstate.gov.in में अथवा कार्यालयीन अवधि में दिनांक 14.03.2023 से कार्यालय में उपस्थित होकर देखी व डाउनलोड़ की जा सकती है।

जी-99491/4

कार्यपालन अभियंता
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग
बैकुन्ठपुर जिला-कोरिया (छ.ग.)

कार्यालय कार्यपालन अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड बैकुंठपुर जिला कोरिया (छ.ग.)

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों द्वारा जल जीवन मिशन अतंर्गत निम्नलिखित कार्य हेतु आनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है :-

निविदा सूचना क्रमांक/दिनांक	टेण्डर सिस्टम नंबर	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (रु. लाख में)
249/27.02.2023	126685	VILLAGE-SALKA, SARASTAL AND FUNGA BLOCK District-Korea	247.68
245/27.02.2023	126151	VILLAGE-BAIMA AND GAJI BLOCK-KHADGAWAN, District - Korea.	268.50
244/27.02.2023	126144	VILLAGE AMKA BLOCK KHADGAWAN, District-Korea.	76.90
243/27.02.2023	126140	VILLAGE- Jilibandh, Karwa and Koudimar BLOCK-KHADGAWAN, District - Korea.	279.43
242/27.02.2023	126139	VILLAGE- MENDRA AND NEORI BLOCK-KHADGAWAN, District - Korea.	268.52
241/27.02.2023	126138	VILLAGE- MAJHAUU, PIPARBAHARA AND SAINDA BLOCK- KHADGAWAN, District - Korea.	252.48
240/27.02.2023	126137	VILLAGE- Amradandi (SOLAR). Katrangi, Pandri, Chhirhatola, KATRANGI, BANSKHOHAR AND DEVGARH (NADIYAPARA) BLOCK - JANAKPUR, District - Korea.	197.30
239/27.02.2023	126136	VILLAGE- Bhumka (KHAS, PANDOPARA), Mannoudh JAMTHAN (BAREERPARA), Toji. Pondi AND Gadwar BLOCK JANAKPUR District - Korea.	170.24
238/27.02.2023	126135	VILLAGE TOJA (Goutiyatola & Barritola), SAGRA AND KHETOLI BLOCK - JANAKPUR, District - Korea.	171.69
237/27.02.2023	126134	VILLAGE DOMHARA BLOCK-JANAKPUR District-Korea.	137.57
236/27.02.2023	126133	VILLAGE- JALIYADAND Block- Baikunthpur, District-Korea.	72.32
235/27.02.2023	126132	VILLAGE-CHHARCHHA (BANDHPARA)Block-Baikunthpur, District- Korea.	86.13
248/27.02.2023	126131	VILLAGE- Jaroundha, BAHERABANDH and Sakda BLOCK- KHADGAWAN. District Korea.	212.87
234/27.02.2023	126130	Village- Chenwapara (Bardandpara) Block- Baikunthpur, District - Korea.	92.73
233/27.02.2023	126129	VILLAGE- RAMPUR-P and RAMPUR Block-Baikunthpur District - Korea.	106.67
232/27.02.2023	126128	VILLAGE- MANDALPARA (GOUNDPARA, KUDAKUPARA) Block- Baikunthpur, District - Korea.	125.26
231/27.02.2023	126127	VILLAGE-MAJHGAWAN & KOT Block-Baikunthpur, District - Korea	148.01
247/27.02.2023	126126	VILLAGE- Shivpur, Giddamnudi, Lakadapara and Parsamuda BLOCK - Khadgawan District - Korea.	296.49
230/27.02.2023	126125	Village BASTI (IMLIPARA, BARGAHPARA, CHERWAPARA HARIZANPARA, PARASAPARA, RAJWARIPARA, YADAVPARA) Block- Baikunthpur, District - Korea.	99.37
246/27.02.2023	126124	VILLAGE-DUGGI, SINGHAT AND TAMDAND BLOCK-KHADGAWAN, District - Korea.	301.62
229/27.02.2023	126123	VILLAGE- AAMGAON Block- Baikunthpur, District-Korea.	99.51

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा दिनांक - 30.03.2023 तक ऑनलाईन आंमत्रित की जाती है। निविदा की सामान्य शर्तें, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति निविदा दस्तावेज एवं अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in पर देखी जा सकती है।

जी-99470/5

कार्यपालन अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड बैकुण्ठपुर

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक यशवंत धोटे द्वारा, मीनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नंबर 74, सरोरा रोड, उरला इंडस्ट्रियल एरिया रायपुर, से मुद्रित कर वर्मा एग्जोटीका फ्लैट नंबर 103, सर्किट हाउस के सामने बिलासपुर से प्रकाशित, संपादक- प्रमोद शर्मा* प्रबंध संपादक- चन्द्रशेखर धोटे, फोन नंबर : 8120029029-9406245514, डाक पंजीयन क्रमांक G-2-112/CG/BPL/108/2020-22

न्यूज गैलरी

बूथ सशक्तिकरण अभियान 27 तक

कवर्धा/नवप्रदेश। संगठन को सशक्त बनाने हेतु प्रदेश भारतीय जनता पार्टी छत्तीसगढ़ के नेतृत्व में 17 से 27 मार्च तक बूथ सशक्तिकरण अभियान प्रारंभ हो गया हैं, उसी तारतम्य में आज बोड़ला मंडल के पोडी शक्ति केंद्र के बूथ क्रमांक 87 बघर्रा ग्राम में बैठक आयोजित किया गया, जिसमे बूथ सशक्तिकरण के विषय में बातचीत कर अभियान को सफल बनाने हेतु कार्यकर्ताओं से विस्तार से चर्चा किया गया, जिसमे प्रमुख रूप से प्रदेश भाजपा के उपाध्यक्ष भूपेंद्र सवन्नी जिला भाजपा के अध्यक्ष अनिल सिंह ठाकुर जी जिला मंत्री सुरेश दुबे मंडल अध्यक्ष बरसाती वर्मा शक्ति केंद्र के विस्तारक मनीराम साहू, संयोजक जयराम साहू जी भाजपा मंडल महामंत्री राजेश साहू जी श्रवण गोस्वामी जी भाजयुमो के मंडल अध्यक्ष अमित वर्मा दिलीप श्रीवास मुकेश वर्मा अजय वर्मा संजय वर्मा समरू साहू , blo2 बूथ अध्यक्ष नंदराम साहू बूथ पाल विस्तारक, सहित भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्तागण उपस्थित रहें।

माता देवालय तालाब की सफाई

भाटापारा/नवप्रदेश। सिंधी समाज का प्रमुख दिवस चेत्रीचंड को ध्यान में रखते हुए शहर की धार्मिक संस्था निरंकारी मिशन से जुड़े प्रबुद्ध जनों द्वारा मातादेवालय तालाब की सफाई की गई।जिससे साईं झूलेलाल अवतरण दिवस पर विसर्जन हेतु आने वाले लोगो को किसी प्रकार की अव्यवस्था का सामना ना करना पड़े। निरंकारी मिशन के द्वारा प्रति वर्ष की जाने वाली सफाई व्यवस्था से आम लोगो ने हर्ष जताते हुए अपनी खुशी का इजहार किया है।

जिपं सामान्य सभा की बैठक आज

धमतरी/नवप्रदेश। जिला पंचायत की सामान्य सभा का सम्मिलन आगामी 24 मार्च को आहूत की गई है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत, रोक्तिमा यादव ने बताया कि दोपहर 12.30 बजे से जिला पंचायत के सभाकक्ष में आयोजित इस सम्मिलन में एडीबी, पर्यटन, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, स्वास्थ्य खाद्य विभाग के कार्यो के अलावा अन्य विषयों की समीक्षा की जाएगी।

चोवाराम पिछड़ा वर्ग सलाहकार परिषद के सदस्य मनोनित

भाटापारा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ अन्य पिछड़ा वर्ग राज्य सलाह कार परिषद में चोवा राम वर्मा को स्थान मिलने पर पिछड़ा वर्ग के लोगो ने अपनी खुशी का इजहार करते हुए अपनी शुभकामनाएं प्रेषित की है। वर्तमान में चोवा राम वर्मा छ गढ़ मनवा कुर्मी समाज के केंद्रीय अध्यक्ष पद पर विराजित है। महानदी भवन स्थित पिछड़ा वर्ग एवम अल्प संख्यक मंत्रालय द्वारा जारी आदेश सूची में राज्य पिछड़ा वर्ग सलाह कार परिषद के सदस्य के रूप में चोवा राम वर्मा को मनोनीत किया गया है।इस परिषद के पदेन अध्यक्ष मुख्यमंत्री भूपेश बघेल है। मूलतः ग्राम जरोंडा पोस्ट टर्रा निवासी चोवाराम वर्मा को सलाहकार परिषद के सदस्य के रूप में मनोनीत किए जाने की खबर आते ही कुर्मी समाज के अलावा अन्य समाज के लोगो ने भी हर्ष जताते हुए उन्हें अपनी बधाई और शुभकामनाएं दी। वही चोवा राम वर्मा ने राज्य पिछड़ा वर्ग की सलाह कार टीम में सदस्य के रूप में मनोनीत किए जाने पर प्रदेश के मुख्यमंत्री और परिषद के अध्यक्ष भूपेश बघेल के प्रति आभार जताते हुए उनके प्रति आभार व्यक्त किया है।इस बीच चोवाराम वर्मा को छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी समाज के वरिष्ठ केंद्रीय उपाध्यक्ष डा के के नायक, चंदू साहू, मन्नत्राम यादव, हेम लाल वर्मा, अरुण वर्मा, कृष्ण कुमार वर्मा, दीपक टिकरिहा, भंवर सिंह साहु, रूपेश वर्मा, अजय यादव, अमृत साहु, लखन कश्यप, संतोष नायक, संतोष साहु सहित अनेक लोगो ने अपनी शुभकामनाएं दी है।

नातिया, मुशायरा एवं गजल कार्यक्रम का आयोजन

दल्लीराजहरा/नवप्रदेश। दल्ली राजहरा में उर्दू अकादमी द्वारा शाम ए उर्दू अकादमी कार्यक्रम के तहत नातिया तमाम मुशायरा एवं ग़ज़ल कार्यक्रम बीएसपी सिटीजन क्लब में संपन्न हुआ। छत्तीसगढ़ से आए शायर संकेत रंजन, प्रवीर आलोक नारंग, युसूफ सागर, अब्दुल लतीफ खान, एजर बशर ने अपनी शायरी से श्रोताओं से खूब वाहवाही लूटी। कोरबा के गजल गायक कमलेश शर्मा ने अपनी गायिका का जादू बिखेरा व शाम ए उर्दू कार्यक्रम को रंगीन कर दिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ महिला एवं बाल विकास मंत्री अनिला भेड़िया थी। सभी शहरों एवं गजल गायकों को अपनी शुभकामनाएं दी। छत्तीसगढ़ उर्दू अकादमी के अध्यक्ष इदरीश गांधी ने अध्यक्षता भाषण में उर्दू भाषा के एवं प्रचार प्रसार पर जोर दिया। छत्तीसगढ़ उर्दू अकादमी द्वारा पीएसजी यूपीए आदि में भाग लेने वाले परीक्षार्थियों को मुफ्त कोचिंग की व्यवस्था उर्दू अकादमी द्वारा दी जाती है। कार्यक्रम के संयोजक उर्दू अकादमी के सदस्य शब्बीर खान थे जिन्होंने दल्ली राजहरा में उर्दू केंद्र शायरी खुलवाने की बात कही, जिससे उर्दू पढ़ने एवं सीखने वालों मदद हो सके। कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में छत्तीसगढ़ अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के अध्यक्षत अमीन मेमन में शानदार कार्यक्रम करने के लिए बधाई दी। दल्ली राजहरा नगर पालिका अध्यक्ष शिबू नायर, दल्ली राजहरा के नय्युम खान, ऑल मुस्लिम वेलफेयर फाउंडेशन के सचिव जाहिद खान ,मंत्री प्रतिनिधि पीयष सोनी, कुसुमकसा मुस्लिम समाज के सदर वहीद खान, संजय बैस, संतोष जैन, नदीम खान, शांतिलाल सिन्हा, डोमेंद्र सिन्हा, डॉक्टर नसीम खान, राजकुमार सिन्हा, योगेश सिन्हा, शमीम खान दल्ली राजहरा के इमाम नदीम, अशोक बाम्बेश्वर, रति राम कोसमा का कार्यक्रम को सफल बनाने की विशेष योगदान रहा।

निधन

अविनाश धर दीवान

नवागढ़/नवप्रदेश। नवागढ़ के प्रधान जमीदार अविनाश धर दीवान पिता कुमार धर दीवान उम्र 50 वर्ष का बुधवार को निधन हो गया। उनका अंतिम क्रियाकर्म स्थानीय मुक्तिधाम सुकुल पारा नवागढ़ में किया गया। वे भाजपा जिला उपाध्यक्ष विकास धर दीवान के बड़े भाई थे। उनके निधन की खबर से नवागढ़ नगर सहित पूरे क्षेत्रवासियों में दुख की लहर दौड़ पड़ी।

कबाड़ से जुगाड़ एफएलएन-टीएलएम मेला का आयोजन

राजनांदगांव/नवप्रदेश। कलेक्टर एवं जिला मिशन संचालक डोमन सिंह तथा मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत एवं जिला परियोजना संचालक अमित कुमार के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय आविष्कार अभियान अंतर्गत जिला स्तरीय कबाड़ से जुगाड़ एफएलएन-टीएलएम मेला का आयोजन डा. बल्देव प्रसाद मिश्र हायर सेकेन्ड्री बसंतपुर के सभाकक्ष में डीईओ डीएमसी एवं एपीसी पेड़ागाजी की उपस्थिति में संपन्न हुआ।

इस वर्ष राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के अंतर्गत कबाड़ से जुगाड़ प्रतियोगिताओं के लिए फाउंडेशनल लिटरेसी एंड न्यूमेरेसी (एफएलएन) को थीम बनाकर प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

अविभाजित राजनांदगांव जिले के सभी प्राथमिक शालाओं से प्रथम चरण में संकुल स्तर पर यह प्रतियोगिता आयोजित की गई। उल्लेखनीय है कि प्रत्येक शाला से रोचक एवं प्रभावी टीएलएम बनाकर शिक्षक अपने संकुल में लेकर आए संकुल में टीएमएल की उपादेयता, सीखने में महत्वपूर्ण भूमिका, उपयोग में आसानी, रख-रखाव एवं लंबी अवधि तक उपयोग कर सकने की क्षमता आदि को ध्यान में रखते हुए बेस्ट टीएमएल का चयन संकुल स्तर पर किया गया।

द्वितीय चरण में प्रतियोगिता का आयोजन विकासखंड स्तर पर आयोजित की गई तथा सभी संकुल से बेस्ट चयनित टीएमएल को विकासखंड स्तर पर आयोजित मेले में प्रदर्शित किया गया। तृतीय चरण में विकासखंड स्तर पर चयनित बेस्ट टीएमएल को जिला स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चुना गया।

अविभाजित जिला राजनादगांव के प्रत्येक विकासखंड से .3 भाषा-एवं 3 गणित के चयनित प्रथम द्वितीय एवं तृतीय प्रतिभागी शिक्षकों ने कार्यक्रम में हिस्सा लिया। जिला स्तरीय प्रतियोगिता में प्रतिभागियों के द्वारा एफएलएन के थीम पर आधारित कबाड़ से जुगाड़ स्वनिर्मित मॉडल का प्रदर्शन किया गया तथा उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया।

डा. बल्देव प्रसाद मिश्र हायर सेकेन्ड्री स्कूल बसंतपुर में आयोजित जिला स्तरीय कबाड़ से जुगाड़ टीएलएम मेले में जिला शिक्षा अधिकारी राजेश कुमार सिंह द्वारा शिक्षकों द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन किया गया।

तत्पश्चात कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि प्रतियोगिता में प्रदर्शित मॉडल का हर विद्यालयों में बेहतर उपयोग करें। विद्यार्थियों में एफएलएन दक्षताओं का विकास करने हेतु प्रेरित किया। डीएमसी सतीश ब्यौहरे ने कहा कि कबाड़ से जुगाड़ टीचिंग लर्निंग मटेरियल प्रदर्शनी मेला के आयोजन से शिक्षकों में टीचिंग लर्निंग मटेरियल पर आधारित शिक्षण की प्रवृत्ति जागृत होगी। साथ ही बच्चों में टीएलएम के माध्यम से विषयवस्तु की अवधारणा तथा आधारभूत मूल दक्षताओं का विकास आसानी से होगा।

युवा संसद में छत्तीसगढ़ का दबदबा कवर्धा से पीयूष ने किया प्रतिनिधित्व

कवर्धा/नवप्रदेश। भारतीय जनता युवा मोर्चा राष्ट्रीय अध्यक्ष तेजस्वी सूर्य के नेतृव में चेन्नई में युवा संसद का कार्यक्रम रखा गया था। जिसमे मुख रूप से राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी.नड्डा , राष्ट्रीय महामंत्री तरुण चुघ , तमिलनाडु के प्रदेश अध्यक्ष के.अन्नामलाई ,भारतीय संस्कृति समन्वय के अध्यक्ष विनय सहस्त्रबुद्धे, सांसद राकेश सिंह के द्वारा युवा संसद कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। देश भर में 150 प्रतिभागी शामिल हुए। युवा संसद कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी छत्तीसगढ़ प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष रवि भगत के साथ प्रदेश मंत्री पीयूष सिंह भाजयुमो प्रतिनिधि मंडल शामिल हुए। युवा संसद में शामिल होने देशभर के विभिन्न राज्यों के युवा नेता आए हुए थे। जिसमे सभी प्रतिभागियों को केंद्रीय जनजातीय मंत्रालय के मंत्री के रूप में अपनी बात को रखना व प्रश्नों युवा संसद के माध्यम से सभी युवा नेताओं ने अपनी बात सदन के पटल पर रखना था।जिसमे छःग के भाजयुमो टीम के द्वारा सभी विषयों को बहुत ही अच्छे तरीके से रखते हुए इस युवा संसद में अपना परचम लहराया गया।

तमिलनाडु के चेन्नई में आयोजित युवा संसद में भारतीय जनता युवा मोर्चा छत्तीसगढ़ से प्रदेश अध्यक्ष रवि भगत के साथ भाजयुमो प्रदेश मंत्री पीयूष सिंह शामिल हुए। भाजयुमो प्रदेश पदाधिकारियों ने इस अवसर अनेक राष्ट्रीय नेताओं से मुलाकात कर विचार साझा की।

भारतीय जनता युवा मोर्चा द्वारा आयोजित युवा संसद में पूरे देश भर से 150 प्रतिभागी शाम्मिल हुए जिसमे हर राज्य 3-4 लोग सम्मिलित थे। सभी ने बहुत अच्छा वक्तव्य रखा । छःग भाजयुमो प्रतिनिधि मंडल ने अपना परचम लहराते हुए द्वितीय स्थान प्राप्त किया। यह भारतीय जनता युवा मोर्चा छत्तीसगढ़ सहित प्रदेशवासियों के लिए गौरव की बात है। आज छत्तीसगढ़ का युवा देश की आवाज बन रहा है।युवा संसद में भाजयुमो छत्तीसगढ़ प्रदेश को द्वितीय स्थान प्राप्त होने पर भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने बधाई दी।

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी.नड्डा ने कहाँ जीते हुए टीमों का दिल्ली में सम्मान किया जाएगा।

ट्रक-बस में आमने-सामने जोरदार भिड़ंत, 20 घायल

कवर्धा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के कबीरधाम में बुधवार दोपहर एक ट्रक और बस की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। इसमें 20 से ज्यादा लोग घायल हो गए हैं। घायलों में महिलाएं और बच्चे भी शामिल हैं। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। बताया जा रहा है कि ओवरटेक करने की चक्कर में तेज रफ्तार बस ने ट्रक को टक्कर मार दी। इसके चलते ट्रक चालक केबिन में ही फंस गया। करीब आधे घंटे की मश्क्कत के बाद उसे बाहर निकाला गया। हादसे के बाद बस चालक भाग निकला है। जानकारी के मुताबिक, पंडरिया से बस बुधवार को कवर्धा जा रही थी। चालक काफी तेज बस चला रहा था। दोपहर करीब 12 बजे वो नेशनल हाईवे पर ग्राम हरिनछपरा के पास पहुंची थी कि ओवरटेक करने की चक्कर में सामने से आ रही ट्रक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार था कि बस के आगे का शीशा टूट गया और वह ट्रक में जा घुसी। इसके चलते ट्रक का केबिन दब गया और चालक अंदर ही फंस गया। हादसे के समय बस में 30 से ज्यादा लोग बैठे हुए थे। टक्कर लगते ही चीख-पुकार मच गई। सबसे ज्यादा चोट बस में सामने की ओर बैठे लोगों और ट्रक चालक को आई है। हादसा होते देख राहगीरों ने डायल 112 को सूचना दी। इसके बाद कवर्धा कोतवाली और पोंड़ी थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई। बस में फंसे घायलों को बाहर निकाला गया। वहीं ट्रक में फंसे चालक को निकालने में काफी मशक्कत करनी पड़ी। उसका पैर टूट गया था और वह अंदर बुरी तरह से फंसा था। काफी मशक्कत के बाद पुलिस ने उसे बाहर निकाला। सभी घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

राजस्व प्रकरणों का हो रहा तेजी से निराकरण

- **12 हजार 626 राजस्व प्रकरणों में से 10 हजार प्रकरणों का निराकरण एवं ई-कोर्ट में दर्ज 49 हजार 866 प्रकरणों में से 47 हजार 127 प्रकरणों का निराकरण**

धमतरी/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा राजस्व के सभी प्रकार के लंबित मामलों को तेजी से निराकरण करने के निर्देश उपरांत कलेक्टर ऋतुराज रघुवंशी की लगातार मॉनिटरिंग और निर्देशों के बाद जिले में लंबित राजस्व प्रकरणों का निराकरण लगातार जारी है। कलेक्टर के लगातार मॉनिटरिंग से लंबे समय के बाद जिले में लंबित राजस्व प्रकरणों की संख्या तेजी से कम हुई है। कलेक्टर रघुवंशी ने समय-समय पर राजस्व अधिकारियों की बैठक लेकर नए दर्ज होने वाले प्रकरणों को मिलाकर शेष बचे लंबित प्रकरणों की संख्या को जल्द से जल्द कम करने के निर्देश अधिकारियों को दिए है। कलेक्टर रघुवंशी ने राजस्व अधिकारियो को नए एवं लंबित राजस्व प्रकरणों का शत्-प्रतिशत् निराकरण का लक्ष्य दिया है।

12 हजार 626 राजस्व प्रकरणों में से 10 हजार प्रकरणों का निराकरण एवं ई-कोर्ट में दर्ज 49 हजार 866 प्रकरणों में से 47 हजार 127 प्रकरणों का निराकरण राज्य में राजस्व प्रकरणों का निराकरण मुख्यमंत्री की मंशा और राज्य शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता में शामिल है। इसको लेकर शासन द्वारा समय-समय पर निरंतर निर्देश जारी होते हैं। मुख्यमंत्री की मंशानुरूप अपेक्षा अनुरूप प्रगति लाने तथा लंबित राजस्व प्रकरणों का कलेक्टर द्वारा नियमित समीक्षा से तेजी से निराकरण हो रहा है। जिलेवार राजस्व प्रकरणों जैसे-अविवादित नामान्तरण, अविवादित खाता विभाजन, विवादित खाता विभाजन, विवादित नामांतरण, सीमांकन, डायवर्सन, भूमि आबंटन तथा व्यपवर्तन के प्रकरणों का निराकरण किया जा रहा है।

स्पेशल एजुकेटर की अस्थायी भर्ती हेतु आवेदन आमंत्रित

गरियाबंद/नवप्रदेश। कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी सह जिला परियोजना अधिकारी, समग्र शिक्षा अंतर्गत समावेशी शिक्षा के बेहतर क्रियान्वयन हेतु स्पेशल एजुकेटर पद हेतु विकासखण्ड स्तर के लिए एक निश्चित मानदेय पर पूर्णतः अस्थायी रूप से भर्ती के लिए आवेदन आमंत्रित किया गया है। इच्छुक उम्मीदवार जो इस रोजगार पर निर्धारित शैक्षणिक योग्यता एवं अर्हताओं की पात्रता रखते है वे अंतिम तिथि 10 अप्रैल 2023 सायं 5:30 बजे तक कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी, जिला- गरियाबंद (छ.ग.) के कक्ष क्रमांक-83, संयुक्त जिला कार्यालय परिसर जिला गरियाबंद (छ.ग.). पिन - 493889 के नाम से स्पीड पोस्ट के माध्यम से आवेदन प्रस्तुत कर सकते है। अधिक जानकारी के लिए जिला गरियाबंद के वेबसाईट डब्ल्यू डब्ल्यू डब्ल्यू डॉट गरियाबंद डॉट जीओवी डॉट इन पर अवलोकन किया जा सकता है।

कलेक्टर ने की समय-सीमा प्रकरणों की समीक्षा

गरियाबंद/नवप्रदेश। कलेक्टर प्रभात मलिक ने आज अधिकारियों की बैठक में समय-सीमा के लंबित प्रकरणों की विभागवार समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को समयावधि में प्रकरण निराकृत करने के निर्देश दिये। समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री जी के घोषणाओं का जिले में क्रियान्वयन हेतु ऐसे कार्य, जो बजट में शामिल नहीं हो पाया, उनका पुनः प्रस्ताव शासन को भेजने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने देवभोग क्षेत्र में लाख उत्पादन को बढ़ावा देने वन विभाग को लाख उत्पादन हेतु पेड़ों को सूचीबद्ध कर हितग्राहियों का सीसीबी के माध्यम से केसीसी बनवाने के निर्देश दिये। उन्होंने पितईबंध-पोखरा सड़क निर्माण कार्य का कार्य अनुबंध रिपोर्ट हेतु ईई पीडब्ल्यूडी को निर्देशित किया। जिले के सभी नगरीय निकायों में ग्रीष्म ऋतु को ध्यान में रखते हुए पेयजल व्यवस्था हेतु प्याऊ और वाटर कुलर की व्यवस्था आगामी 15 दिनों में कर लेने संबंधित सीएमओ को सुनिश्चित करने कहा गया। निर्माण कार्य एजेंसी विभागों को आंगनबाड़ी केन्द्र, पीडीएस भवन निर्माण विकासखण्डवार निर्धारित समयावधि में पूर्ण करने के निर्देश दिये गये। इसी प्रकार सभी जनपद सीईओ को मध्य क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण से स्वीकृत निर्माण कार्यो को शीघ्र पूर्ण कराने तथा आंगनबाड़ी केन्द्रों में विद्युतीकरण के लिए विद्युत विभाग को डिमांड राशि जमा कराने के निर्देश दिये। सीसीबी के नोडल अधिकारी को संबंधित बैंकों के माध्यम से किसानों के लिए एटीएम सुविधा उपलब्ध कराने निर्देशित किया गया। सभी जनपद सीईओ को टीएल का कम्पलायन रिपोर्ट जिला पंचायत सीईओ के माध्यम से प्रस्तुत करने कहा गया।

सशिमं में हिन्दू नववर्ष पर पथ संचलन

खरोरा/नवप्रदेश। सरस्वती शिशु मंदिर उच्च माध्य. विद्या. खरोरा में चैत्र शुक्ल हिन्दु नव वर्ष के स्वागत बेला पर विद्यालय के प्राचार्य अश्वनी पाटकर एवं समस्त आचार्य बंधु भगिनी ने भारत माता के छाया चित्र पर द्वीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ तत्पश्चात भैया / बहनों द्वारा श्रीराम चरित्र मानस का वाचन व हनुमान चालिसा का सामूहिक वाचन किया गया। तत्पश्चात विद्यालय के प्राचार्य ने हिन्दु नव वर्ष का महत्व बताते हुए कहा कि आज का दिन बड़ा महत्व है। सृष्टि की रचना का प्रारंभ दिवस विक्रम संवत का शुभारंभ महर्षि गौतम का जन्म दिवस, भगवान श्रीराम जी का राज्याभिषेक आर्य समाज की स्थापना संत झूलेलाल की जयंती राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संस्थापक पपूज्य डॉ. केशव राव बलिराम हेडगेवार का जन्म दिवस बसंत नवरात्रि का प्रथम दिवस हिन्दुओं का नववर्ष का प्रारंभ इस प्रकार सबसे बड़ा महत्व का दिन होता है। तत्पश्चात विद्यालय प्रांगण से नगर के चौक चौराहे से गुजरते हुए भैया/बहनों का घोष दल के साथ नगर में पथ संचलन किया गया। सभी भैया /बहनों ने नगर में कदम से कदम मिलाते हुए हिन्दु नववर्ष मंगलमय हो जय श्री राम भारत माता की जय कारा लगाते हुए जन-जन तक हिन्दु नववर्ष की संदेश पहुंचाने का लोगो में हिन्दुओं का स्वाभिमान जगाने का संदेश दिया गया। इस कार्यक्रम में विद्यालय के समस्त आचार्य बंधु भगिनी। नगर से खिलेश साहू जयंत निषाद रोहित वर्मा विकास ठाकुर चेतन प्रसाद द्विवेदी सागर गिलहरे ने सहयोग प्रदान किया।

10 हजार लोगों ने की मां गंगा की आरती

खरोरा/नवप्रदेश। लखना सोमनाथ नदी घाट में मंगलवार शाम साढ़े 5 बजे मां गंगा की आरती की गई। लगभग 10 हजार लोग इस आयोजन के सहभागी बने। इस मनोरम दृश्य से धार्मिक माहौल का वातावरण निर्मित हुआ। लोगों में चर्चा इस बात की रही कि ऐसा आयोजन क क्षेत्र में पहली बार हुआ है।

दीदी मां प्रज्ञा भारती ने कहा कि ऐसा आयोजन हर वर्ष यहां सोमनाथ में होना चाहिए सभी से उन्होंने सोमनाथ धाम में दोनों हाथ उठाकर इसका संकल्प करवाया। गंगा आरती का आयोजन बबलू शर्मा की ओर से किया गया था। इसके लिए सुबह 10 बजे से सोमनाथ में लोगों का इकट्ठा होना प्रारंभ हो गया था। धीरे-धीरे 10 हजार की भीड़ सोमनाथ में जुटी। इसके बाद यहां भंडारा का आयोजन हुआ। प्रसादी के बाद गंगा आरती के महत्व के विषय में प्रज्ञा भारती दीदी का प्रवचन हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भारतीय जनता पार्टी के संगठन के महामंत्री पवन देव साय थे। कार्यक्रम में अतिथि प्रदेश महामंत्री विजय शर्मा, प्रदेश उपाध्यक्ष लक्ष्मी वर्मा, पूर्व विधायक देवजी पटेल, जिला महामंत्री अनिल अग्रवाल, जिला पंचायत उपाध्यक्ष टंकराम वर्मा, राजकुमार ठाकुर, नंद कुमार पाल, बबिता कुर्रे ,रेखा ,सरोज, प्रभा थे। मुख्य अतिथि पवन देव साय ने कहा कि प्रकृति हम सबकी भगवान है और प्रकृति की रक्षा करना हम सबका धर्म है। उन्होंने आह्वान किया कि आओ सब हम मिलकर प्रकृति की रक्षा करें, नदी नाले की रक्षा करें, पहाड़ पर्वत की रक्षा करें। को पवन देव साय ने इस संदर्भ में संकल्प दिलाया। उन्होंने प्रतिवर्ष इस कार्यक्रम को करने का आश्वासन दिया।

सरकारी लकड़ी परिवहन कर रहे ट्रैक्टर जब्त

- **वन विभाग राजस्व विभाग और पुलिस विभाग के संरक्षण से ग्रामीण परेशान**

गुंडरदेही/नवप्रदेश। गुंडरदेही ब्लॉक मुख्यालय से 10 किलोमीटर दूर ग्राम पंचायत किलेपार के आश्रित ग्राम खपरी में सरपंच के सुपुर्द में रखे प्रतिबंधित अर्जुन वृक्ष को आज दो ट्रैक्टर पर परिवहन करते रंगे हाथ पर पकड़े गए। परंतु लकड़ी चोरी करने वाले ने चतुराई से ट्रैक्टर ट्राली से लकड़ी को खाली कर दिया। इसमें वन विभाग, राजस्व विभाग और पुलिस विभाग की भूमिका संदिग्ध लग रहा है। सभी अधिकारी आरामिल संचालक को लकड़ी परिवहन करने में काफी भूमिका अदा कर रहे है।

आपको बता दें कि आज से 8 माह पुर्व ग्राम पंचायत किलेपार के सरपंच के द्वारा मौखिक शिकायत के बाद राजस्व प्रशासन के द्वारा उक्त लकड़ी को जब्ती पंचनामा कर सरपंच को सुपुर्द किया था। जिसे लकड़ी माफिया द्वारा आज दो ट्रैक्टर में लकड़ी को भरकर चोरी करने का प्रयास कर रहे थे। जिसके बाद सरपंच व ग्रामीणों ने फिर प्रशासन को सूचना दिया कि लकड़ी चोरी हो रहा है। सुचना के बाद प्रशानिक अधिकारी मौके पर पहुंचे और दोनो ट्रैक्टर को जब्ती किया गया। परंतु प्रशानिक अधिकारियों की मिलीभगत व अवैध रूप से पैसा लेने के कारण ट्रैक्टर थाना तक नहीं पहुंचा। लकड़ी से भरे ट्राली को प्रशासन द्वारा खाली करा दिया गया।



1 माह पहले ग्राम सकरौद में एक मेटाडोर में प्रतिबंधित अर्जुन वृक्ष को लोडिंग कर रहा था जिसकी सूचना तहसीलदार व एसडीएम को मिलने के बाद थाना प्रभारी के संयुक्त टीम के साथ गाड़ी पर कार्रवाई करने निर्देशित किया था। पर थाना रनचिरई के द्वारा कोई भी स्टाफ नहीं आया बल्कि लकड़ी माफिया को सूचना दे दिया की लकड़ी गाड़ी वहां से हटा लो।

सबसे ज्यादा चर्चित गुंडरदेही विधानसभा क्षेत्र में लकड़ी माफियाओं के हौसले बुलंद हैं। जिसको सफेदपोश नेताओं के संरक्षण प्राप्त हो रही है। ऐसे में छत्तीसगढ़ सरकार भूपेश बघेल की कैसे गड़बो नवा छत्तीसगढ़ की सपना साकार होते नहीं दिख रहा है। बालोद जिला में छत्तीसगढ़ शासन की महिला बाल विकास मंत्री अनिला भेड़िया कांग्रेस, विधायक एवं संसदीय सचिव कुंवर सिंह निषाद एवं संगीता सिन्हा के रहते हुए जिले में अवैध कारोबार अधिकारी की संरक्षण में चल रहा है। अभी तक गुंडरदेही ब्लॉक में लगातार ध्यानाकर्षण करवाने के बाद लकड़ी परिवहन पर कोई कार्यवाही नहीं हुई बल्कि लकड़ी परिवहन करने वालों को गुंडरदेही, अर्जुंदा, बालोद पुलिस के संरक्षण प्राप्त होने के कारण बेधड़क प्रतिबंधित वृक्षों का परिवहन किया जा रहा है।

ग्रामीणों ने बताया कि गुंडरदेही में पदस्थ डिप्टी रेंजर आरएन टेकाम ने ट्रैक्टर को छोड़ने की बात ग्रामीणों के बीच कह रहे थे। लेकिन ग्रामीण कार्रवाई की मांग को लेकर अड़े रहे। प्रशासन ने सरपंच के सुपुर्द में सौंपा ट्रैक्टर को आखिर वन विभाग के अधिकारी क्यों गाड़ी छोड़ने कह रहे हैं। इन्हीं के इशारों पर हो रही है लकड़ी की परिवहन।

वन विभाग के डिप्टी रेंजर आरएन टेकाम को सम्पर्क करने पर उन्होंने फोन रिसीव नहीं किया। सरपंच ओम प्रकाश साहू का कहना है कि 1 साल पहले तत्कालीन एसडीएम प्रेमलता चंदेल के द्वारा जब्ती पंचनामा कर मुझे लकड़ी को सुपुर्द में दिया था। जो नीलामी की प्रक्रिया में था। आज अचानक ग्रामीणों से शिकायत मिली की लकड़ी माफिया दो ट्रैक्टर वाहन सरकारी लकड़ी को लोडिंग कर रहे है। ग्रामीणों की शिकायत पर तत्काल प्रशासन पहुंचा पर किसी ने थाना तक ले जाने का हिम्मत नहीं जुटा पाया। माफियाओं के साथ मिलीभगत का संदेह है।

ग्रामीण फकेश साहू, युवराज साहू, बुधराम बघेल, गेंद लाल साहू, विष्णु रघुवंशी, ने जब्ती हुआ लकड़ी को चोरी करके परिवहन करने वालों ट्रैक्टर पर राजसात करने की मांग की है। सूत्रों से प्राप्त जानकारी मुताबिक यह लकड़ी मालिक गाड़ाडीह उतई का बताया जा रहा है।

छत्तीसगढ़ शासन
न्याय का नया दौर, खुशियाँ लौट रहीं चारों ओर
जारी है न्याय
छत्तीसगढ़, देश का एकमात्र राज्य
जो चिटफंड निवेशकों का पैसा
वापस दिला रहा है...
44 हजार
निवेशकों को
रू. 32 करोड़ +
श्री भूपेश बघेल
माननीय मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़
संवाद - 34699
छत्तीसगढ़ सरकार - भरोसे की सरकार
Visit us : ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO DPRChhattisgarh DPRChhattisgarh www.dprCg.gov.in